CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -281 राजनांदगांव, शनिवार 31 अगस्त 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

गुजरात के कच्छ और भुज के साथ पाकिस्तान में कहर बरपाएगा 'असना'; 48 साल बाद आया साइक्लोन मचाएगा तबाही !

अहमदाबाद। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा कि गुजरात में मूसलाधार बारिश और बाढ़ का कारण बना गहरा दबाव शुक्रवार को कच्छ के तट और पाकिस्तान के आस-पास के इलाकों में चक्रवात असना में बदल गया। 1976 के बाद अगस्त में अरब सागर में यह पहला चक्रवाती तूफान है। जिसे असना नाम पाकिस्तान ने दिया है।

1891 से 2023 के बीच अगस्त में सिर्फ तीन तूफान

आईएमडी के अनुसार, 1891 से 2023 के बीच अगस्त के दौरान अरब सागर में केवल तीन चक्रवाती तूफान आए (1976, 1964 और 1944 में)। 1976 का चक्रवात ओडिशा से शुरू हुआ, पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा, अरब सागर में प्रवेश किया, एक लूपिंग ट्रैक का अनुसरण किया और ओमान तट के पास उत्तर-पश्चिम अरब सागर में कमजोर पड़ गया। 1944 का चक्रवात अरब सागर में उभरने के बाद कमजोर पड़ने से पहले तेज हो गया था। 1964 में, दक्षिण गुजरात तट के पास एक और अल्पकालिक चक्रवात विकसित हुआ और तट के पास कमजोर पड़ गया।

अरब सागर पर बना गहरा दबाव बना असना

आईएमडी ने कहा कि कच्छ तट और पाकिस्तान के आस-पास के इलाकों और पूर्वोत्तर अरब सागर पर बना गहरा दबाव पिछले 6 घंटों के दौरान 6 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पश्चिम की ओर बढ़ा, चक्रवाती तूफान असना में तब्दील हो गया और भुज (गुजरात) से 190 किलोमीटर पश्चिम-उत्तरपश्चिम में उसी क्षेत्र में 1130 बजे केंद्रित हो गया।

भारी बारिश से सबसे अधिक वडोदरा शहर हुआ प्रभावित

राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, कुछ मामलों में सुरक्षा बलों ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल किया। हाल ही में हुई भारी बारिश से सबसे अधिक प्रभावित शहर वडोदरा में कुछ राहत मिली, क्योंकि विश्वामित्री नदी का जलस्तर सुबह 37 फीट से घटकर 32 फीट रह गया। हालांकि, कई निचले इलाकों में अभी भी बाढ़ का पानी भरा हुआ है। जबकि मंगलवार की सुबह भारी बारिश और अजवा बांध से पानी छोड़े जाने के बाद नदी का जलस्तर 25 फीट के खतरे के निशान को पार कर गया था।

गुजरात में चार दिनों में 26 लोगों की मौत

मौसम विभाग ने कहा कि यह अगले दो दिनों में भारतीय तट से दूर पूर्वोत्तर अरब सागर के ऊपर पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ना जारी रखेगा। बता दें कि गुजरात में पिछले चार दिनों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 26 लोगों की जान चली गई है। राज्य में बाढ़ प्रभावित इलाकों से 18 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और लगभग 1,200 लोगों को बचाया गया है।

पोर्ट ब्लेयर में कई टीमों ने किया मॉक ड्रिल

वहीं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज पोर्ट ब्लेयर में एनडीआरएफ, जिला प्रशासन, पुलिस और अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग की टीमों की तरफ से संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर सुस्त होकर 6.7 प्रतिशत पर पहुंची, 15 महीने में सबसे कम

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के लिए जीडीपी वृद्धि दर के नतीजे जारी किए। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) सालाना आधार पर 6.7 प्रतिशत बढ़ा है। जीडीपी वृद्धि दर का यह आंकड़ा पिछले 15 महीने का सबसे निचला स्तर है। इस ससे पहले जनवरी-मार्च 2023 की तिमाही में वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रही थी।

एक वर्ष पहले समान तिमाही में 8.2 प्रतिशत थी वृद्धि दर

आंकड़ों के अनुसार भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में घटकर 6.7 प्रतिशत रह गया, एक साल पहले समान तिमाही में यह 8.2 प्रतिशत था। इसका मुख्य कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है।

हालांकि, भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, क्योंकि अप्रैल-जून तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि 4.7 प्रतिशत रही है। कृषि और खनन उद्योगों वाले भारत के प्राथमिक क्षेत्र में सालाना आधार पर 2.7 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि वित्त वर्ष 2023 में यह 4.2 प्रतिशत थी।

विनिर्माण और ऊर्जा क्षेत्र में सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत की वृद्धि

इसके अलावा, विनिर्माण और बिजली उद्योगों से युक्त द्वितीयक क्षेत्र ने वार्षिक आधार पर 8.4 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। वित्त वर्ष 2023 में भारत के द्वितीयक क्षेत्र की वृद्धि दर 5.9 प्रतिशत रही।

विनिर्माण में वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में वार्षिक आधार पर 7.0 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, यह संख्या वित्त वर्ष 23 में दर्ज 5.0 प्रतिशत की तुलना में अधिक है। अप्रैल-जून तिमाही के आंकड़े महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह मूल्यांकन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मई में केंद्र में सरकार बनाने के लिए तीसरा कार्यकाल हासिल करने के बाद आया है।

आठ कोर उद्योगों के संयुक्त सूचकांक में 6.1 प्रतिशत की वृद्धि

पिछले साल तुलना में जुलाई 2024 में आठ कोर उद्योगों (आईसीआई) का संयुक्त सूचकांक 6.1 प्रतिशत (अनंतिम) चढ़ा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार जुलाई 2024 में इस्पात, बिजली, कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, सीमेंट और उर्वरक के उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।

विदेशी मुद्रा भंडार 681.69 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 23 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 7.023 अरब डॉलर बढ़कर 681.688 अरब डॉलर के नए उच्च स्तर को छू गया। आरबीआई ने शुक्रवार इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में समग्र भंडार 4.546 अरब डॉलर बढ़कर 674.664 अरब डॉलर हो गया था।

समग्र भंडार का पिछला सर्वकालिक उच्च स्तर 2 अगस्त को 674.919 अरब डॉलर दर्ज किया गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 23 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा आस्तियां, जो भंडार का एक प्रमुख घटक हैं, 5.983 अरब डॉलर बढ़कर 597.552 अरब डॉलर हो गईं।

अप्रैल से जुलाई के दौरान राजकोषीय घाटा 2.77 लाख करोड़ रुपये

सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जुलाई के दौरान भारत का राजकोषीय घाटा 2.77 लाख करोड़ रुपए (33.05 बिलियन डॉलर) या वित्तीय वर्ष (2024-25) के लिए कुल अनुमान का 17.2 प्रतिशत रहा। आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के लिए शुद्ध कर प्राप्तियां 7.15 लाख करोड़ रुपए रही। यह वार्षिक लक्ष्य का 27.7 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 5.83 लाख करोड़ रुपए रही।

खरीफ चावल खरीद का लक्ष्य 48.5 मिलियन टन तय किया गया

केंद्र ने अक्टूबर से शुरू होने वाले 2024-25 विपणन वर्ष के लिए खरीफ चावल खरीद का लक्ष्य 48.5 मिलियन टन तय किया है। इसके साथ ही केंद्र ने राज्यों से मोटे अनाज की खरीद बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है। चालू विपणन वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) में सरकार ने 46.3 मिलियन टन खरीफ चावल की खरीद की। धान की खेती खरीफ और रबी दोनों मौसमों में की जाती है। सरकारी स्वामित्व वाली भारतीय खाद्य निगम खाद्यान्नों की खरीद और वितरण के लिए सरकार की नोडल एजेंसी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

भाजपा के हुए कोल्हान टाइगर, पूर्व सीएम चंपई सोरेन को शिवराज और हिमंता ने दिलाई सदस्यता

सरायकेला। चंपई सोरेन अब भाजपा के हो गए हैं। आधिकारिक रूप से उन्होंने आज बीजेपी ज्वाइन कर ली है। बाबूलाल मरांडी ने चंपई को माला पहनाकर भाजपा में शामिल कराया। बता दें कि कोल्हान टाइगर चंपई सोरेन ने मजदूरों के हित में कई आंदोलन किए। उनके आंदोलन की शक्ति इतनी थी कि कोई उद्योगपति उनके सामने आवाज ऊंचा कर बात नहीं कर सकते थे।

कोल्हान में चंपई सोरेन की एक अलग ही पहचान है। गरीबों से लेकर ऊंचे घरानों के लोग उनके दरबार में अपनी समस्याओं को लेकर आते हैं और अपनी समस्याओं का निदान कर जाते हैं। महीनों की जद्दोजहद व लुकाछिपी के बाद 30 अगस्त को चंपई सोरेन भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ बड़ी संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता भी भाजपा में शामिल हुए।

रांची में बनाएंगे आगे का प्लान

यहां बता दें कि बुधवार की शाम को ही चंपई सोरेन ने अपना इस्तीफा दिशोम गुरु शिबू सोरेन को सौंप दिया था। सूत्रों के अनुसार, चंपई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होने के बाद दो दिनों तक रांची में ही रुकेंगे। यहां रुककर अगली राजनीति में अगला क्या कदम उठाना है, इस पर गहन मंथन करेंगे।

झामुमो कैडर को भाजपा में कराएंगे शामिल

मंथन के उपरांत बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ गाजे-बाजे के बीच अपने निवास जिलिंगगोड़ा पहुंचेंगे। फिर सरायकेला विधानसभा के झामुमो कैडरों को कार्यक्रम के दौरान भाजपा में शामिल कराने का काम करेंगे। इसके उपरांत सरायकेला के भाजपाइयों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति पर विचार करेंगे।

शरद पवार ने जेड प्लस सुरक्षा लेने से किया इनकार, सीआरपीएफ के अधिकारियों को लौटाया

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने जेड प्लस सिक्योरिटी लेने से किया इनकार कर दिया है. सूत्रों ने बताया कि पवार ने सीआरपीएफ के अधिकारियों को लौटा दिया. 83 साल के पवार ने दिल्ली में अपने घर के अंदर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को तैनात करने, शहर में यात्रा करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वाहन को बदलने और उनके वाहन के अंदर दो सुरक्षाकर्मियों द्वारा उनकी सुरक्षा किए जाने के प्रस्तावों को खारिज कर दिया है.

सुरक्षा अधिकारियों के साथ शरद पवार की बैठक

हालांकि शरद पवार सुरक्षा उपायों के तहत दिल्ली में अपने घर की चारदीवारी की ऊंचाई बढ़ाने को तैयार हो गए हैं. पवार ने शुक्रवार को सुरक्षा एजेंसियों-सीआरपीएफ और दिल्ली पुलिस के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. इस बैठक में दिल्ली अग्निशमन सेवा, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद और केंद्रीय गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल थे.

आधिकारिक सूत्रों ने 21 अगस्त को न्यूज़ एजेंसी पीटीआई को बताया था कि केंद्र ने शरद पवार को जेड-प्लस सिक्योरिटी दी है. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 55 सशस्त्र कर्मियों की टीम को पवार के जेड प्लस सुरक्षा कवर के हिस्से के रूप में चिह्नित किया गया. उनकी सुरक्षा को देखते हुए ये कदम उठाया गया है.

शरद पवार का तंज

केंद्र की तरफ से सुरक्षा मिलने पर शरद पवार ने 23 अगस्त को जासूसी की आशंका जताई थी. उन्होंने कहा था, ''गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने मुझे बताया कि सरकार ने तीन लोगों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

कोयला घोटाला मामलाः ईओडब्ल्यू ने सूर्यकांत के भाई रजनीकांत को किया गिरफ्तार

रायपुर। 500 करोड़ के कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद सूर्यकांत तिवारी के बड़े भाई रजनीकांत तिवारी (54) को आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने गुरुवार को गिरफ्तार कर शुक्रवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया।

जांच एजेंसी ने रजनीकांत को 14 दिनों की रिमांड में लेकर 12 सितंबर तक पूछताछ करेगी। रजनीकांत भाई सूर्यकांत के साथ कोयला घोटाले में शामिल था।

रजनीकांत जांच एजेंसी के सामने पेश हुआ

ईओडब्ल्यू द्वारा जारी बयान के अनुसार कोयला घोटाला मामले में आरोपित बनाए गए सूर्यकांत का भाई रजनीकांत फरार चल रहा था। टीम को जानकारी मिली कि रजनीकांत उत्तरप्रदेश, आगरा में है। उसे नोटिस देकर बुलाया गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

सितंबर में शुरू होगा बीजेपी का सदस्यता अभियान, दो को पीएम मोदी और तीन को सीएम साय लेंगे पार्टी की मेंबरशिप

रायपुर। भाजपा सितंबर में छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान शुरू करने जा रही है। इसके पहले कार्यकर्ताओं को चार्ज किया जा रहा है। भाजपा सदस्यता अभियान के लिए प्रदेश के सभी जिलों के प्रकोष्ठ पदाधिकारी की बैठक आयोजित हुई।

भाजपा मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव कहा कि चार सितंबर से प्रदेश में एक साथ शुरू होने जा रहे भाजपा सदस्यता अभियान में सबको अपनी सहभागिता सुनिश्चित करना है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा के हाथों पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर इस अभियान की शुरुआत करेंगे।

निकाय चुनाव में सदस्यता अभियान की रहेगी महत्वपूर्ण भूमिका

तीन सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सदस्यता ग्रहण कर प्रदेश में अभियान शुरू करेंगे। चार और पांच सितंबर से जिला और मंडलों में यह अभियान प्रारंभ होगा। हमको सदस्य बनना है और बनाना भी है। चार महीने के बाद हम दो और चुनाव में जाने वाले हैं, एक नगरीय निकाय चुनाव और दूसरा पंचायत चुनाव। इनमें इस सदस्यता अभियान की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। हम अपने पिछले लक्ष्य को पार करें और पंचायत से लेकर संसद तक भाजपा की सरकार बने, यह हमारे एक अवसर है। प्रत्येक बूथ में 200 सदस्य अगर हम बनाएंगे। प्रदेश में 23,681 बूथ हैं, तो प्रत्येक बूथ पर सदस्यता का लक्ष्य हासिल करके हम प्रदेश में लगभग 48 लाख सदस्य बनाएंगे।

अभियान को बहुत ही गंभीरता से लेना है - जामवाल

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि सब जगह प्रकोष्ठों का जो नेटवर्क है, वह पार्टी का मूल है, वह पार्टी का प्राण है। पार्टी का सदस्य है, तो पार्टी है, तो सत्ता और सरकार है। इसलिए भाजपा का सदस्य बनना हमारे लिए सबसे बड़े गर्व की बात है। प्रकोष्ठ के विस्तार और मजबूती के लिए ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाएंगे और अपने प्रकोष्ठ की सदस्यता का अलग डाटा रखेंगे। इस अभियान को गंभीरता से लेना है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

पीएम मोदी ने वाधवन पोर्ट का शिलान्यास किया, शिवाजी की मूर्ति टूटने के लिए मांगी माफी

मुंबई। महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा गिरने का मामला कई दिनों से सुर्खियों में है. इसे लेकर राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक लगातार घिर रही है. शुक्रवार को जब पीएम मोदी महाराष्ट्र के पालघर पहुंचे तो यहां उन्होंने अपने संबोधन के बीच इस वाकये का जिक्र किया और मंच से हाथ जोड़कर सिर झुकाते हुए कहा कि, शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर सिर झुकाकर माफी मांगता हूं.

पीएम मोदी ने क्या कहा?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने पालघर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने उनका अभिनंदन किया. पीएम मोदी ने यहां 76,000 करोड़ रुपये की वाधवन बंदरगाह की आधारशिला रखी. उन्होंने लगभग 1,560 करोड़ रुपये की 218 मत्स्य पालन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया. इससे पहले उन्होंने मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 को भी संबोधित किया. इसी दौरान अपने संबोधन के बीच उन्होंने बीते दिनों क्षत्रपति शिवाजी की प्रतिमा गिरने को लेकर अफसोस जताया और कहा कि, शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर सिर झुकाकर माफी मांगता हूं.

पीएम मोदी ही करेंगे उद्घाटन

महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा, आज मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वधवन बंदरगाह के शिलान्यास समारोह में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करता हूं.

यह पूरे महाराष्ट्र के लिए स्वर्णिम दिन है. यह एक गेम चेंजर प्रोजेक्ट है. इसका मुख्य लाभ पालघर के लोगों को मिलेगा. बंदरगाह का पहला चरण 2029 तक खुल जाएगा. शिलान्यास पीएम मोदी द्वारा किया जा रहा है और मैं आपको बता दूं कि उद्घाटन भी पीएम मोदी ही करेंगे. वधवन देश का सबसे बड़ा बंदरगाह होगा और भारत पूरी दुनिया के शीर्ष दस बंदरगाहों की सूची में शामिल होगा. यह पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है.

विकास के लिए हमें थोड़ा बहुत एडजस्ट करना होगा

इस दौरान उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा, आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है. आज जब शिलान्यास किया जा रहा है, हमने परियोजना के खिलाफ विरोध की कुछ खबरें देखी हैं. हमें समझना होगा कि विकास के लिए हमें थोड़ा बहुत एडजस्ट करना होगा. सभी का ख्याल रखा जाएगा. मैं पीएम और सीएम के सामने आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि कोई भी पीछे नहीं रहेगा. सभी को साथ लेकर चला जाएगा और पीढ़ियों को फायदा होगा. बंदरगाह से न केवल महाराष्ट्र बल्कि पूरे देश को फायदा होगा. देवेंद्र फडणवीस ने कहा, आज का दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा. वधवन बंदरगाह जेएनपीटी से तीन गुना बड़ा होगा. अगले 50 सालों तक महाराष्ट्र वधवन बंदरगाह की वजह से नंबर वन रहेगा. 1980 में वधवन बंदरगाह का विजन बनाया गया था. इसकी प्राकृतिक गहराई 20 मीटर है. यह सपना आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से पूरा हो रहा है. ?वधवन बंदरगाह के फायदों की वजह से पीएम मोदी जी को अगले 200 सालों तक याद किया जाएगा.

सीएम शिंदे भी मांग चुके हैं माफी

बता दें कि प्रतिमा गिरने के मुद्दे पर इससे पहले सीएम एकनाथ शिंदे भी माफी मांग चुके हैं. लगातार हो रही आलोचनाओं से घिरे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को कहा था कि अगर जरूरत पड़ी तो वह महान पराक्रमी शासक के 100 बार पैर छूने और घटना के लिए माफी मांगने में संकोच नहीं करेंगे.

CMYK

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने शहर में चलाया जा रहा यातायात जागरूकता अभियान

हिट एण्ड रन के मामले मृतक के परिजन को 2 लाख रू. एवं गंभीर घायल को 50 हजार रू. का मुआवजा

राजनांदगांव (दावा)। यातायात विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए शहर में यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

शुक्रवार 30 अगस्त को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार खेस, सउनि येनलाल चन्द्राकर, कुंजलाल साहू, थानेश्वर प्रसाद बांधव एवं यातायात टीम द्वारा पुलिस मुख्यालय रायपुर से प्राप्त यातायात जागरूकता पाम्पलेट, स्टीकर पोस्टर, फ्लैक्स बैनर, पॉकेट फोल्डर, एवं ऑटो स्टेपनी ब्राडिंग वाहनों में लगाया गया

जिसके माध्यम से बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओव्हर स्पीड, शराब सेवन कर वाहन चलाना, ओव्हर लोडिंग, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग, दुपहिया वाहन में तीन सवारी बिठाकर वाहन चलाने के दौरान होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में लोगों को बताया गया। साथ ही अज्ञात वाहनों से सड़क दुर्घटना में होने वाली मृतक के परिजन को राशि 2 लाख रुपए गंभीर रूप से घायल को 50 हजार रुपए मिलने वाली मुआवजा राशि एवं सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने संबंधी पाम्पलेट, पोस्टर, बैनर वाहनों में लगाया गया। साथ ही इस संबंध में अन्य लोगो को जागरूक करने बताया गया। यातायात पुलिस द्वारा यह अभियान लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस की अपील

यातायात पुलिस द्वारा शहर की आम जनता से अपील की गई है कि दुपहिया वाहन चलाते समय वाहन चालक जरुर हेलमेट पहने, वहीं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाये।, यातायात पुलिस का कहना है कि ओव्हर स्पीड वाहन न चलाये, एवं शराब सेवन कर वाहन बिल्कुल न चलायें। नियंत्रित वेग सुरक्षित जीवन कहते हुए विभाग द्वारा यातायात नियमों का पालन करने एवं दुर्घटनाओं ?से सुरक्षित रहने की अपील की गई है।

पूर्व सीएम की प्रेस कान्फ्रेंस : बघेल बोले- कानून व्यवस्था बदहाल, एसपी-थानेदार भी गुंडों से डरते हैं

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार की दोपहर राजधानी रायपुर के राजीव भवन में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, अमरजीत भगत, सत्यनारायण शर्मा, धनेंद्र साहू भी प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद रहे।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा- छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है। विधानसभा में विपक्ष ने कानून व्यवस्था पर स्थगन लाया था, फिर भी कानून व्यवस्था में कोई सुधार नहीं आया। श्री बघेल ने कहा- प्रदेश में आदिवासियों की गिरफ्तारी की जा रही है, मंत्रियों के परिजनों का वीडियो वायरल हो रहा है। रेत, शराब माफिया को लेकर भाजपा नेताओं के बीच झगड़ा चल रहा है। भाजपा नेताओं को ही पीट दिया जा रहा है। हमारे

काफिले को रोककर गुंडागर्दी की गई, एसपी और थानेदार भी गुंडों से डरते हैं।

स्कूल में दुराचार को दबा रही सरकार

श्री बघेल ने आगे कहा- भिलाई के स्कूल में 4 साल की बच्ची के साथ दुराचार के मामले में एसपी ने कह दिया जांच हो गई और मामला दबा दिया गया। पोस्को के अंतर्गत सबसे पहले एफआईआर दर्ज करनी होती है। लेकिन इस मामले में एफ आईआर के बाद जांच होती है, एफ आईआर ही दर्ज नहीं की गई। मेडिकल रिपोर्ट में प्राइवेट पार्ट में जख्म की पुष्टि हुई है, मामला सरकार की जानकारी में है, फिर भी कार्रवाई नहीं की गई।

प्रिंसिपल का पॉलीग्राफी टेस्ट हो- चौबे

प्रेस कान्फ्रेंस में मौजूद पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा- प्रिंसिपल का पॉलीग्राफी टेस्ट क्यों नहीं होना चाहिए? ऐसे प्रकरण की जांच क्या स्कूल के प्रिंसिपल करेंगे। मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार इस तरह की घटनाओं पर कार्रवाई तक नहीं कर रही।

कल साहू सदन में तीजा महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। शहर जिले में हरतालिका उत्सव को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ी पर्व परंपरा के अनुरूप इस अवसर पर जगह-जगह विविध धार्मिक सामाजिक और बौद्धिक आयोजन होंगे। इसी कड़ी में साहू सदन में तीजा महोत्सव कल 1 सितंबर दिन रविवार को मनाया जाएगा।

जिला साहू संघ तहसील साहू संघ नगर साहू संघ एवं नगर साहू संघ के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ के द्वारा महिला सम्मेलन आयोजित करके मनाए जाने वाले हरतालिका उत्सव महोत्सव में आमंत्रित अतिथिगण में मुख्य अतिथि - श्रीमती मोहन कुमारी साहू (उपाध्यक्ष-छ.ग.प्रदेश साहू संघ), विशिष्ट अतिथि - श्रीमती शीलू शालू साहू (संयोजिका महिला प्रकोष्ठ-छ.ग. प्रदेश साहू संघ, अध्यक्षता श्रीमती अंजनी साहू (सह अंकेक्षक-छ.ग. प्रदेश साहू संघ एवं सहप्रभारी जिला राजनांदगांव), विशेष अतिथि - श्रीमती भारती साहू (संयोजिका महिला प्रकोष्ठ, दुर्ग संभाग) श्रीमती तरूणा साहू (निरीक्षक, आर.पी.एफ. राजनांदगांव) होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार से है प्रातः 10 बजे से माँ कर्मा की पूजा अर्चना एवं ध्वजारोहण, प्रातः 11 बजे श्री भागवत साहू (अध्यक्ष, जिला साहू संघ राजनांदगांव) कुलेश्वर साहू (अध्यक्ष, नगर साहू संघ, राजनांदगांव) श्रीमती अंजू साहू (अध्यक्ष, तहसील साहू संघ, राजनांदगांव) श्रीमती नीरा साहू (उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ राजनांदगांव) शैलेन्द्र साहू (उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ राजनांदगांव) नीलमणी साहू (महामंत्री, जिला साहू संघ राजनांदगांव) नोबल साहू (कोषाध्यक्ष, जिला साहू संघ राजनांदगांव) द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ जिसमें रस्सा कसी, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, शंखली, कबड्डी, मेहंदी, गोली चम्मच, रंगोली, प्रश्नोत्तरी एवं त्वरित खेल, नृत्य, संगीत आदि शामिल है। दोपहर 1 बजे अतिथि स्वागत सत्कार, उद्बोधन एवं सम्मान समारोह किया जायेगा। इस दौरान मुख्य रूप से श्रीमती तिजेश्वरी साहू संयोजिका जिला महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती केसरी साहू संयोजिका तहसील महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती मुनेश्वरी साहू संयोजिका नगर महिला प्रकोष्ठ सहित जिला, तहसील एवं नगर साहू महिला प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहेगें। उक्त जानकारी जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणि साहू ने दी है।

भाजपा नेता विकास तिवारी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विकास व शहर के जाने-माने अधिवक्ता विकास तिवारी का आज जन्मोत्सव जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा व जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, संतोष अग्रवाल की उपस्थिति में जोरदार ढंग से मनाया गया।

इसके पूर्व श्री तिवारी को मॉर्निंग क्लब के सदस्यों द्वारा जन्मदिन की बधाईयां देकर उन्हें केक खिलाया था, इसके बाद श्री तिवारी का जिला भाजपा कार्यालय में गरिमामय ढंग से जन्मदिन का

कार्यक्रम आयोजित हुआ।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व मित्रमंडली उपस्थित थी। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की उपस्थिति में केक काटा गया। फिर कार्यकर्ताओं ने क्रमबद्ध होकर श्री तिवारी को बधाईयां देते रहे व उन्हें फूल-माला से लाद दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा नेता सावन वर्मा, लीलाधर साहू, रघुवीर वाधवा, राजेश श्यामकर, योगेशदत्त मिश्रा, बंटी भाटिया, दीनू गुप्ता, प्रिंस भाटिया, त्रिगुण टॉक, मनोज चौधरी, अशोक रजक, प्रदीप शर्मा, राजेश खाण्डेकर, महेश वर्मा, प्रदीपमल, सोमेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टीजन उपस्थित थे।

विद्यार्थियों ने की व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि ट्रेड को यथावत रखने की मांग

राजनांदगांव (दावा)। कृषि के विद्यार्थियों ने राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा स्वीकृत व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत कृषि ट्रेड को यथावत रखने की मांग की है। इसी मांग पर उन्होंने बुधवार दोपहर कलेक्टर संजय अग्रवाल के नाम डिप्टी कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। राज्य परियोजना कार्यालय समय शिक्षा द्वारा सत्र 2014-15 से राज्य के विभिन्न विद्यालयों में कृषि ट्रेड की पढ़ाई व्यावसायिक प्रशिक्षक के माध्यम से संचालित की जा रही है।

सत्र 2023-24 में 552 विद्यालयों एवं सत्र 2024-25 में 100 शासकीय विद्यालयों में विभिन्न ट्रेडों के व्यावसायिक शिक्षा संचालन के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई जिसमें कृषि ट्रेड को शामिल किया गया। लेकिन कार्यालय द्वारा कृषि ट्रेड के स्वीकृत पद को निरस्त कर दूसरे ट्रेड को लागू करने के लिए सभी जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य कार्यालय को सहमति पत्र प्रदान करने पत्राचार किया गया है। कृषि उन्नत प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा से कृषि ट्रेड का हटाया जाना सभी कृषिगत समुदाय और कृषि स्नातक तथा स्नाकोत्तर करने वाले बेरोजगार युवाओं से अन्याय होगा। एक ओर जहां केंद्र तथा राज्य सरकार उन्नत कृषि और व्यवसायीकरण पर जोर दे रही है। समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा व्यवसायिक शिक्षा से कृषि ट्रेड का हटाया जाना अनुचित है। विद्यार्थियों ने प्रदेश में कृषि एवं कृषि शिक्षा के उन्नत विकास को ध्यान में रख कृषि ट्रेड के लिए स्वीकृत पदों को यथावत रखने के लिए अनुमति प्रदान करने की मांग की है अन्यथा विद्यार्थियों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

कल पारीखुर्द में यादव समाज की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। शहर से कुछ दूरी पर स्थित ग्राम पारीखुर्द में ग्राम यादव समाज के संयोजन में सिंगदई सर्किल द्वारा दिन रविवार 1 तारीख को बैठक आयोजित किया गया है, सिंगदई सर्किल अध्यक्ष विशारद यादव ने बताया की नवनिर्वाचित समाजिक पंच, सरपंचों का स्वागत सम्मान के साथ आगे आने वाले सामाजिक पदाधिकारी के बारे में चर्चा किया जाना है साथ आने वाले समय में यादव समाज द्वारा सभी गांव में गीता जयंती मनाना है एवं अतः सभी सामाजिक बंधु अधिक से अधिक संख्या में पहुचकर इस बैठक को सफल बनावे यहा जानकारी समाजिक सचिव थनवार यादव ने दिया।

प्रदेश स्तरीय कला संकाय प्रशिक्षित कल्याण संघ के सदस्यों ने प्रारंभ किया ट्वीटर अभियान

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश स्तरीय कला संकाय प्रशिक्षित कल्याण संघ के सदस्य कामेश्वर यादव, डीके पैकरा, ड्रीमकान्त, कविता पटेल, सिया निषाद, सुगनराम, अमित साहू ने ट्वीटर अभियान को CG want teachers vacancy वेबसाइट पर हेस्टेग कर चलाया है जिसमें उनकी मुख्य विषय भाजपा ने विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में 57000 शिक्षक भर्ती का दावा किया था,

विधानसभा में शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 33000 शिक्षक भर्ती की घोषणा की थी, लेकिन 8 महीने बाद भी आज तक विज्ञापन नहीं आया, तैयारी करने वाले समस्त परीक्षार्थियों के लिए यह विकट समस्या है भर्ती नहीं होने से निराश हताश हैं, संघ ने सरकार को जगाने के लिए ट्विटर अभियान चलाया है जिसमें संघ के सदस्यों ने कल संघ के विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में ट्यूटर अभियान में भाग लेने की अपील की है।

लक्ष्मण उइके का निधन

कलकसा (दावा)। ग्राम घोटिया निवासी लक्ष्मण उइके 58 वर्ष का निधन हो गया है। वे घोटिया ग्राम पंचायत के सरपंच संजय उइके के पिता थे। उईके जी मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। अपने जीवन काल में समाज में अपना बहुत ही अच्छा योगदान दिए। वे अपने बीच चार पुत्र एवं दो पुत्री सहित भरे पूरे परिवार को छोड़ कर चले गए। इनके अंत्योष्टि में गोंड महासभा, तहसील गोंड समाज के पदाधिकारियों सहित ग्राम प्रमुखगण अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की समीक्षा बैठक आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। डॉ. सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ की अध्यक्षता में जिला समीक्षा बैठक स्काउट गाइड महारानी लक्ष्मीबाई शा.क. शाला राजनांदगांव में 30 अगस्त को आयोजित की गई। जिसमें राजेन्द्र गोलछा, राज्य उपाध्यक्ष महेश खंडेलवाल, जिला मुख्य आयुक्त अभय कुमार जायसवाल जिला शिक्षा अधिकारी, पदेन जिला आयुक्त स्काउट आजीवन सदस्य दविंदर सिंह भाटिया, मुन्नालाल नदेश्वर, आलोक बिंदल, संतोष खंडेलवाल, उत्तम गिडिया, डॉ. मिलन टेम्भूरकर, राकेश भावते, घनश्याम दास साहू, श्रीमती नीना खंडेलवाल, श्रीमती वर्षा अग्रवाल, श्रीमती उषा चटर्जी मुख्यालय आयुक्त गाइड, सतीश ब्योहरे, डीएमसी प्रशान्त चितवरकर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी छुरिया श्रीमती बी. कौर गरचा, विकासखण्ड

शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ सी.आर.वर्मा प्राचार्य मलबा राजनांदगांव की गरिमामय उपस्थित में सम्पन्न हुई।

जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट अभय कुमार जायसवाल ने स्वागत उदबोधन एवं पूर्व वर्ष एवं वर्तमान वर्ष की जिला स्तरीय राज्य स्तरीय राष्ट्रीय स्तरीय स्काउट गाइड गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे डॉ. सोमनाथ यादव ने जिले के एलटीएएल टीएचडब्लूबी की जानकारी ली। प्राइवेट शालाओ में शत प्रतिशत पंजीयन हेतु निर्देश किया। स्काउटर गाइडर से दल संचालन हेतु समस्या पर चर्चा की। सभी बेसिक एडवांस प्रशिक्षण प्राप्त को आगे का प्रशिक्षण करने निर्देशित किया। अप्रशिक्षित शिक्षक शिक्षिका को बेसिक प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र छात्राओं को स्काउट गाइड की मुख्य धारा से जोड़ने कहा।

राजेन्द्र गोलछा ने स्काउट गाइड गतिविधियों के संचालन पर प्रकाश डालते हुए जिले की सभी शालाओं में प्रशिक्षित स्काउटर गाइडर तैयार करने जोर दिया। महेश खंडेलवाल ने जिला मुख्य आयुक्त नियुक्ति पर धन्यवाद देते हुए दायित्व को पूर्ण निष्ठा से पूरा करने का आश्वासन दिया एवं जिले की स्काउट गाइड गतिविधियों में मिलजुल कर तेजी लाने की बात कही। इस बैठक में जिले की हाईस्कूल हायर सेकेंडरी शाला से प्रशिक्षित स्काउटर गाइडर स्काउट गाइड प्रभारी की सक्रिय सहभागिता रही। आभार श्रीमती उषा चटर्जी जिला मुख्यालय आयुक्त गाइड ने किया। मंच संचालन देवेंद्र अम्बादे जिला सचिव ने किया।

अग्निवीर भर्ती के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण 2 सितम्बर से

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय थलसेना अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 4 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक रायगढ़ जिले में आयोजित किया जाएगा। उप संचालक रोजगार एस व्ही राजौरिया ने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए 90 दिवसीय निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण 2 सितम्बर से पीटीएस ग्राऊण्ड राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों को 2 सितम्बर को सुबह 7.15 बजे पीटीएस ग्राऊण्ड राजनांदगांव में सभी आवश्यक दस्तावेजों व फोटो कॉपी, पासपोर्ट साईज फोटो, लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

deo-kcg@cg.gov.in परिशिष्ट -3 (नियम 4.2.2) Phone No.07820230001

//निविदा सूचना//

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक- 1215 खैरागढ़, दिनांक 30/08/2024

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01.01.2025/01.01.2026 एवं 01.01.2027 हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची एवं अन्य प्रपत्र आदि का मुद्रण कार्य संबंधी निविदा आमंत्रित है।



खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र 73-खैरागढ़ एवं 74 डोंगरगढ़ (आशिक) के फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के कम्प्यूटरीकृत लेजर प्रिंटर से मुद्रण एवं फार्म आदि के मुद्रण कार्य हेतु योग्य इच्छुक फर्मो से मुहरबद निविदाएं वर्ष 2025 से 2027 तक के लिए आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकर्ता, **निविदा से संबंधित शर्ते तथा आवेदन फॉर्म दिनांक 03.09.2024 दिन मंगलवार से दिनांक 24.09.2024 दिन मंगलवार तक कार्यालयीन अवधि में (शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर) कार्यालय कलेक्टर (निर्वाचन शाखा) खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई से रूपये 500.00 का चालान शीर्ष 0070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं, 02-निर्वाचन, 101-निर्वाचन फार्म बिक्री के अंतर्गत** शासकीय खजाने में जमा कर चालान की मूल प्रति कार्यालय में प्रस्तुत कर प्राप्त कर सकते है।

निविदा, दिनांक 24.09.2024 दिन मंगलवार को दोपहर 03.00 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय कलेक्टर (निर्वाचन शाखा) कक्ष क्रमांक-13, खैरागढ़ में जमा करना होगा। नियत समय के बाद प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। प्राप्त निविदाएं दिनांक 24.09.2024 दिन मंगलवार को संध्या 04.00 बजे खोली जावेगी, जिसमें निविदाकर्ता या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति भाग ले सकते हैं।

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जी- 242502148/3 जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक मनोरंजन से भरपूर
संघर्ष एक जंग
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - अर्थ चन्द्रा, नेहा पाणिग्रही, अजय पटेल, संतोष सम्राट तिवारी आदि

आगामी ता. 6 से तही मोर आशिकी
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show SILVER SCREEN MULTIPLEX 30th Aug to 05th SEP 2024

Stree 2 - 12:00, 12:15, 03:00, 03:30, 06:00, 09:00 & 09:30 pm
Ae Dada Re (C.G) - 12:30 & 03:15 pm
Aho Vikramaarka (Hindi) - 06:15 and 09:15 pm
The Diary of West Bengal (Hindi) - 06:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पीर मोहम्मद पिता शेख शेरू निवासी म. नं. 58 वार्ड नं. 07 डोंगरगांव थाना/ पोस्ट/ तहसील- डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मेरे पुत्र का पुराना नाम काजिम मोहम्मद पिता पीर मोहम्मद को त्याग कर मेरे पुत्र का नया नाम मोहम्मद मुजाहिद कुरैशी पिता पीर मोहम्मद कुरैशी रख लिया हूं। अतः आज से मेरे पुत्र को मोहम्मद मुजाहिद कुरैशी नाम से जाना जाये, आज से मेरे पुत्र के समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम मोहम्मद मुजाहिद कुरैशी से ही जाना व पहचाना जावे।

शपथकर्ता
पीर मोहम्मद कुरैशी

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं निखिल जैन आत्मज स्व. सुभाषचंद जी जैन निवासी महासमुन्द (छ.ग.) का हूँ।

उक्त पूर्व में मेरी पुत्री का नाम चारवी जैन आ. अकुंश जैन है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। अतः अब से मेरी पुत्री को चारवी जैन आ. निखिल जैन के नाम से जानी पहचानी जावे.

अतःप्रकाशन उपरांत समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम चारवी जैन आ. निखिल जैन के नाम से दर्ज किया जावे.

सूचना जाने
भवदीय
निखिल जैन
पिता-स्व. सुभाषचंद जी जैन

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ईश्तहार

राजस्व मामला क्रमांक 202407093700031
अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश वर्मा आ. स्व. शंकर वर्मा, निवासी-मोतीपुर, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला मोतीपुर स्थित शीट क्रमांक 11 सी, भूखण्ड क्रमांक 57/1, क्षेत्रफल 230.00 वर्गमीटर जो धारकगण शंकर, विष्णु आ. स्व. रतन, ग्वालिनबाई, मथुराबाई, बुधियारिन आ. स्व. रतन, सहबीन बाई ध.प. स्व. रतनलाल, रतनू, सतनू आ. गंगाराम लोधी, निवासी-मोतीपुर, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के सहधारकगण शंकर, मथुराबाई दोनों आ. स्व. रतन की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज कर, शेष सहधारकगण का नाम यथावत रखे जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते हैं, पेशी तारीख 16.09.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

शुभांक

अनुमानित

बी. के
4-6-8
246-2 280-0
राजधानी
3-4-9
133-7 140-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

कार्यालय नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक 823/रा.नामा/न.पं./2024-25

नामान्तरण प्रकाशन सूचना

डोंगरगांव दिनांक 30/08/2024

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना कर निर्धारण के स्वामित्व खाते (कर मांग पंजी) में हक हस्तांतरण हेतु निम्नांकित आवेदन प्राप्त हुये।

वा. क्रं.	वार्ड का नाम	भवन/डिमांड क्रमांक	रकबा/खसरा क्रमांक	भूमि/भवन	वर्तमान मकान/भूमि स्वामी हस्ताक्षरणकर्ता का नाम/विक्रेता	आवेदक हस्तांतरित का नाम/क्रेता	स्वामित्व अर्जन का स्वरूप
1	2	3	4	5	6	7	8
10	डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड	10	368/1 में से रकबा 786 वर्गफुट	भवन	श्रीमती गुलमाबाई पति - शंकर लाल मेश्राम वार्ड नं. 20 गांधी चौक, दल्ली राजहरा	श्री योगेन्द्र सिंह राजपूत पिता श्री राधेलाल राजपूत, वार्ड-10 सेवताटोला डोंगरगांव	पंजीबद्ध बिक्रीनामा

आवेदन पेश किया गया है, यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त ईश्तहार / नामांतरण के संबंध में स्वामित्व हक या दावा रखते हैं ईश्तहार प्रकाशन दिनाक से 30 दिनों के भीतर प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति लिखित में पेश कर सकते हैं। ईश्तहार समयावधि समाप्ति पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पंचायत डोंगरगांव

गणेशोत्सव पर्व को लेकर हो रही भव्य तैयारियां....

राजनांदगांव(दावा)। भादो मास के शुक्लपक्ष की चर्तुथी को शहर सहित अंचल भर में गणेशोत्सव का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसे लेकर शहर से लेकर गांव-देहातो में गणेशोत्सव समितियों का गठन किया जा रहा है साथ ही पर्व के नजदीक आते देख गणेशोत्सव पंडाल बनाए जाने की तैयारियां शुरूकर दी गई है। इधर गणेशोत्सव पर्व को मात्र सप्ताह भर शेष रहने को देखते हुए मूर्तिकार भी रात-दिन एक कर प्रतिमा निर्माण सहित उसका रंग-रोगन करने में जुटे हुए है।

शहर के पुरनियां मूर्तिकार वासुदेव पेंटर से लेकर पांडूरंग पेंटर, कोलकाता के मूर्तिकार श्रीकृष्णा पाल, गोपाल पेन्टर कोलकाता के मूर्तिकार श्रीकृष्ण पाल, गोपाल पेन्टर व अन्य मूर्तिकारों द्वारा युद्ध स्तर पर गणेश मूर्ति निर्माण कार्य में लगे हुए है। वही थानौद के बालम मूर्तिकार सिंघोला, मनकी, लखोली, मोतीपुर के मूर्तिकार भी धडल्ले से मूर्ति निर्माण करने में जुटे हुए है। इधर पर्व को नजदीक आते देख महावीर चौक स्थित फ्लाई ओवर के नीचे गणेश मूर्तिया विक्रय के लिए पंडाल सजकर तैयार हो गया है। एक-दो दिन पश्चात यहां गणेश भगवान की मूर्तिया बिकनी शुरू हो जाएगी।

० प्रतिमा विक्रय के लिए फ्लाई ओवर नीचे लगा पंडाल
० रात-दिन एक कर प्रतिमा निर्माण में जुटे मूर्तिकार

पर्व का दिखने लगा उत्साह

शहर की सबसे पुरानी गणेशोत्सव समिति बाल समाज, सुमति मंडल सहित अन्य गणेशोत्सव समितियों का लगभग गठन कर लिया गया है। गठन होते ही श्री गणेश पंडाल से लेकर कहां से भव्य गणेश प्रतिमा लिवा लानी है इसे तय कर लिया गया है और मूर्तिकार को एडवांस भी दे दिया गया है। इसके अलावा गणेशोत्सव पंडाल में चलित झांकी से लेकर अन्य सजावट को लेकर तैयारिया प्रारंभ कर दी गई है। शहर के गंज चौक स्थित आशीर्वाद मंडल में श्रीमद देवी भागवत कथा के माध्यम से गणेशोत्सव पर्व का शुभारंभ होने जा रहा है।

बाल समाज के अध्यक्ष दामू भूतड़ा ने बताया कि इस बार गणेशोत्सव पर्व में गणेश विसर्जन झांकी गणपति मेला व पर्व के एक दिन पूर्व बैल दौड़ प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया है। वही सुमति मंडल द्वारा कामठी लाईन में उदयाचल लाईब्रेरी के समीप आकर्षक सजावट कर गणेश प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। मंडल के अध्यक्ष अशोक लोहिया ने बताया कि हर बार की तरह सुमति मंडल द्वारा अनंत चतुर्दशी की भव्य विसर्जन झांकी निकाली जाएगी।

सज रही गणेश प्रतिमाएं

शहर सहित अंचल भर में गणेशोत्सव समितियां गठन होने के बाद गणेशोत्सव पंडाल से लेकर अन्य चीजों की तैयारिया जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। उतने ही युद्ध स्तर पर मूर्तिकार भी गणेश प्रतिमाओं के निर्माण में लगे हुए है। पुत्री शाला रोड में भव्य गणेश प्रतिमाओं का निर्माण कर रहे कोलकाता के गोपाल पेन्टर ने बताया कि उनके यहां 25 बड़ी मूर्तियों के आर्डर है, वहीं इतनी ही संख्या में बड़ी रेडीमेड मूर्तियां बनाई जा रही है।

उन्होंने बड़ी गणेश मूर्तिया 7 से 8 हजार रूपए कीमत की बताई वही एक फीट से लेकर छह-सात फीट की मूर्तियों के एक हजार से लेकर 7-8 हजार रूपए दाम बताए।

इसी तरह सिनेमा लाईन में कोलकता के श्री कृष्णा पाल यहां भी सैकड़ों की संख्या में छोटी-बड़ी गणेश मूर्ति बन रही है। बता दें कि शहर के बाल समाज व सुमति मंडल द्वारा पुराने समय से वासुदेव, पांडू रंग पेंटर के यहां से रिद्धि सिद्धि वाली श्री गणेश की प्रतिमा लेते आ रहे हैं। यह परंपरा आज तक टूटी नहीं है। दूसरे गणेशोत्सव समिति वाले थनौद के बालम पेंटर सहित अन्य मूर्तिकारों के यहां से छोटी- बड़ी गणेश प्रतिमाएं धूमधाम से विवाह लाते हैं। गणेशोत्सव समितियां द्वारा इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला:
ईओडब्ल्यू ने 15 जिले के आबकारी अधिकारियों को किया तलब, हो सकते हैं गिरफ्तार

रायपुर। शराब घोटाला मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने तत्कालीन 15 जिला आबकारी अधिकारियों को पूछताछ के लिए तलब किया। देर रात तक पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के बयान के आधार पर पूछताछ की गई।

जांच एजेंसी ने उन अफसरों की भूमिका के बारे में गहन पूछताछ की गई। साथ तत्कालीन आबकारी आयुक्त और अन्य अफसरों द्वारा दिए जाने वाले निर्देश के बारे में सबसे अलग-अलग पूछताछ हुई। जल्द ही घोटाले में गिरफ्तारी हो सकती है।

शराब घोटाला मामले को लेकर पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा, कारोबारी अनवर ढेबर, निरंजन दास सहित अन्य ने हाईकोर्ट में आवेदन पेश किया था, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। ईओडब्ल्यू अब जिनके एफआईआर में नाम हैं उन पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दी है। एक साथ सभी अधिकारियों से पूछताछ की जा रही है।

चार्जशीट में कई के नाम

ईओडब्ल्यू ने जिन अफसरों को पूछताछ के लिए बुलाया है उनका नाम चार्जशीट में दर्ज है। जिनकी भूमिका शराब घोटाला में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर रही है।

दही लूट के दौरान जख्मी हुए लोग

राजनांदगांव (दावा)। भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर शहर सहित जिले भर में दही-लूट का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। इस दौरान कुछ घटनाएं भी घटी जो हृदय द्रावक भी रहा। ग्राम पारागांव खुर्द में दही लूट क दौरान एक बालक के सिर पर खंभा गिर जाने से उसकी मौत हो गई। वही डोंगरगढ़ के बधियाटोला में तीन युवकों ने शराब के लिए पैसे नहीं मिलने पर दो युवकों पर ब्लेड से वार कर दिया। हादसे में रोहित नामक युवक के गर्दन व लोकेश के कमर के पास चोटे आई है। जख्मी युवकों को अस्पताल में भर्ती किया गया वही आरोपी शंकर बिहारी आयुष तथा सचिन के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस द्वारा इसे जांच में ले लिया गया है।

० चाकूबाजी करने वाले लोग आए पुलिस की गिरफ्त में
० दही लूट का पोल गिरने से बालक की मौत

खैरागढ़ में चाकू चली

खैरागढ़ के राजीव चौक में दही लूट प्रतियोगिता के दौरान चाकू चल जाने से एक युवक बूरी तरह जख्मी हो गया। घटना दही लूट के दौरान हुए विवाद को रोकने वाले युवक पर तीन युवको द्वारा चाकू से हमला किया गया। पुलिस ने तीनों युवक कृष्णा उर्फ गोलू नेताम, उत्तम पटेल व भोला पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। वही चाकू के वार से जख्मी हुए युवक अखिलेश को इलाज के लिए सिविल हास्पीटल भेज दिया गया है।

मोदी-बाइडेन के बीच बंगलादेश के मुद्दे पर व्यापक चर्चा हुई - भारत का स्पष्टीकरण

नयी दिल्ली। भारत ने आज जोर देकर स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बाइडेन के बीच टेलीफोन पर बातचीत में बंगलादेश के मुद्दे पर काफी चर्चा हुई थी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने श्री मोदी और श्री बाइडेन के बीच टेलीफोन पर बातचीत के बाद अमेरिका की प्रेस विज्ञप्ति में बंगलादेश का मुद्दा नहीं आने पर उठे विवाद पर विस्तार से स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा कि श्री मोदी और श्री बाइडेन के बीच टेलीफोन पर बातचीत के बाद प्रेस विज्ञप्तियों को लेकर वे दावे संवेदनशील और प्रेरित हैं तथा नेताओं के बीच इस तरह के संपर्कों को कैसे व्यवस्थित किया जाता है और फिर आगे बढ़ाया जाता है, इसकी प्रक्रिया से अनभिज्ञता को दर्शाते हैं।

श्री जायसवाल ने कहा कि सबसे पहले, नेताओं के बीच ऐसी बातचीत के बाद जारी की जाने वाली प्रेस विज्ञप्तियां संयुक्त वक्तव्य की तरह नहीं होती हैं जहां हर शब्द पर बातचीत की जाती है और पारस्परिक रूप से सहमति व्यक्त की जाती है। दूसरे, ऐसी प्रेस विज्ञप्तियां ऐसी बातचीत का व्यापक विवरण नहीं होती हैं। अंत में, दो पक्षों के लिए अपने अपने संबंधित रीडआउट में एक ही बातचीत के विभिन्न पहलुओं पर जोर देना असामान्य नहीं है। किसी न किसी प्रेस विज्ञप्ति में किसी पहलू का उल्लेख नहीं होना, इस बात का प्रमाण नहीं है कि उस पहलू पर बात ही नहीं हुई।

प्रवक्ता ने कहा, मैं प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच हुई बातचीत की विषयवस्तु से भली-भांति परिचित हूं और मैं आपको बता सकता हूं कि हमारी प्रेस विज्ञप्ति में, बातचीत में जो कुछ हुआ, उसका सटीक और विश्वसनीय रिकॉर्ड है। बंगलादेश के विषय पर, जिसे कुछ पक्षों द्वारा उजागर किया गया है, दोनों नेताओं के बीच काफी चर्चा हुई।

आयुष ग्राम बेलरगोंदी में मासिक स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता चिकित्सा शिविर 131 लोगों का निःशुल्क परीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं ज़िला आयुष अधिकारी डॉ शिल्पा पांण्डेय राजनांदगाँव के कुशल मार्गदर्शन में एक दिवसीय निःशुल्क मासिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता चिकित्सा शिविर आयुष ग्राम शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी में दिनांक 30 अगस्त को आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम के जनपद सदस्य श्रीमती प्रतिमा सोनबोईर, सरपंच श्रीमती रमशिला सोनबोईर, संतोष सोनी, भागवत राम टांडेकर, शंभू साहू, अमर सिंह, धीरपाल कंवर, श्रीमती तुलसा बाई (स्व सहायता समूह), श्रीमती जानकी बाई मितानीन, श्रीमती उमाबाई मितानीन श्रीमती पुनिया बाई, श्रीमती साब्दिया बाई, विरेन्द्र सोनी, शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, देवदास साहू (फार्मासिस्ट आयुर्वेद), शंकर लाल कंवर (पी.टी. एस.), छगनराम वर्मा (योग प्रशिक्षक) एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर किया गया।

इस शिविर में 131 मरीज का परीक्षण कर निःशुल्क औषधि से लाभान्वित हुए एवं आयुष काढ़ा प्रदान किया गया। साथ ही शिविर में बीपी, शुगर जाँच किया गया एवं वर्षा ऋतु में होने वाले बीमारियों के बारे में विशेष चर्चा कर ध्यान रखने को कहा गया। इस शिविर में शिविर प्रभारी डॉ. अनिरुद्ध कुमार पटेल (नोडल अधिकारी दुर्ग संभाग), देवदास साहू, शंकर लाल कंवर, योग प्रशिक्षक छगन राम वर्मा इत्यादि ने अपनी सेवाएं दी।

लोकतंत्र के विरुद्ध काम करके भाजपा सरकार अपनी छवि खराब कर रही - नासिर जिन्दरान

राजनांदगांव (दावा)। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नासिर जिन्दरान ने भिलाई में कांग्रेसियों पर लाठी चार्ज और उनके खिलाफ एफआईआर किए जाने को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के मद में लोकतंत्र के विरुद्ध कार्य कर रही है। जिस तरह लोकसभा चुनाव में भाजपा का ग्राफ गिरा इसी तरह से आने वाले नगरी निकाय चुनाव साथ ही त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के चुनाव में उनका ग्राफ और गिरता हुआ दिखेगा।

भिलाई में कांग्रेसियों पर लाठीचार्ज और एफआईआर को लेकर दी प्रतिक्रिया

श्री जिन्दरान ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कांग्रेस की आवाज को नहीं दबा सकते। कांग्रेस आज देश की आवाज बन चुकी है। राहुल गांधी ने जिस अंदाज में लोकसभा में अपनी बातें रखी। उससे पूरी भाजपा और उसके नेता घबरा गए हैं। उन्हें जनता का रूख समझ में आने लगा है। इस वजह से आक्रोश को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। जिस प्रकार अभी हाल ही में छत्तीसगढ़ प्रदेश के भिलाई शहर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दमन पूर्वक लाठीचार्ज किए जाने तथा 150 से अधिक कांग्रेस जनों के ऊपर फिर किए गए हैं। और वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफिले को रोकने का प्रयास भी किया गया जो नींदनीय है। जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है तब से अब तक लोगों के हित में कोई कार्य नहीं किया है साथ ही राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार को लेकर लोगों में असंतोष की स्थिति बन रही है। जिसे छत्तीसगढ़ राज्य की जनता देख रही है और सुन भी रही है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ राज्य से भाजपा सरकार को लोग कुर्सी से उखाड़ फेंकेंगे।

लखोली स्कूल में निकला सांप, बच्चे आए दहशत में

राजनांदगांव (दावा)। शहर के लखोली स्थिर सरकारी स्कूल में शुक्रवार को सांप निकल आया जिससे स्कूल स्टाफ के लोगों सहित वहां पढ़ने वाले बच्चे भी दहशत में आ गए। हालांकि स्कूल में घुस आए सांप को भगाया गया। इस दौरान घबराए हुए लोगों ने फर्श पर सरक रहे सांप पर मिट्टी का तेल डालकर उसके बदबू से भगाएं जाने का प्रयास किया गया। काफी मशक्कत के पश्चात सांप बाहर मैदान में निकल गया।

बता दें कि लखोली स्कूल में कई स्थानो में निर्माण कार्य चलते रहने की वजह से कूड़े-कचरे आदि बिखरे रहते हैं। फोटो में यह स्पष्ट नजर आ रहा है। इसके चलते कीड़े-मकोड़े व जहरीले जीव-जंतु प्रवेश पा जाते हैं। बरसात के समय यह आम बात हो जाती है। इससे स्कूल स्टाफ के लोगों सहित बच्चों का डरना स्वाभाविक बात है। बहरहाल लखोली के शासकीय हाईस्कूल में सर्प निकालने को लेकर स्कूली बच्चों सहित शिक्षक व शिक्षिकाएं भयभीत है। शिक्षा विभाग सहित जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान दिए जाने की अपील की गई है।

मुंबई-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग के किनारे बेहोश मिली अज्ञात युवती

डोंगरगढ़ (दावा)। मुंबई हावड़ा मुख्य रेल मार्ग के किनारे एक युवती बेहोशी की हालत मिली जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 अगस्त 12 बजे के आसपास की घटना बताई जाती है। युवती को गंभीर अवस्था में घायल कर डॉउन रेल लाईन के समीप फेंक दिया गया था। इस घटना की सूचना मिलने के बाद डोंगरगढ़ स्टेशन मास्टर के द्वारा इसकी लिखित मेमो के द्वारा जीआरपी थाने को दिया गया था।

प्राप्त जानकारी अनुसार दिन के लगभग 12.30 बजे इसकी सूचना स्टेशन मास्टर के द्वारा रेलवे पुलिस से प्राप्त हुआ था और बताया गया कि कोई महिला रेल यात्री युवती ट्रेन से गिर गई है जो गंभीर रूप से घायल है और डाउन रेलवे लाइन के किलोमीटर क्रमांक 927/04 खंभा के समीप अर्धबेहोशी की हालत में युवती पड़ी हुई है। जिसकी उम्र 32 से 35 साल बताया गया है।

सूचना के बाद श्री शर्मा के द्वारा इस घटना की जानकारी 112 नंबर की गाड़ी को दी गई। अर्धबेहोशी की हालत गंभीर रूप से घायल युवती को तत्काल डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। मेडिकल जाँच में पाया गया की युवती के सर व बांये पैर के घुटने में गंभीर चोट है। प्रथम उपचार के पश्चात युवती को पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज में रिफर किया गया है। अभी तक युवती को होश नहीं आया है। अभी तक युवती की पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लौकी उत्पादन कर डेढ़ लाख रुपए का लाभ अर्जित करने वाले किसान को किया गया प्रोत्साहित

डोंगरगढ़(दावा)। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम नागतराई में आयोजित राजस्व शिविर एवं ग्रामसभा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अछोली में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानो के नक्शों का अवलोकन किया। उन्होंने वहां लौकी की फसल लगाने वाले किसान को प्रोत्साहित किया। किसान ने 75 डिसमिल में लौकी की फसल लगाई है तथा 45 दिन में उनकों 1 लाख 50 हजार रूपए की आय हुई है।

निगम आयुक्त ने अधिकारियों के साथ मोहारा क्षेत्र के राईस मिलों का भौतिक सत्यापन कर डिमाण्ड से किया मिलान

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने राजस्व डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के तहत आज सुबह मोहारा क्षेत्र के राईस मिलों में कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके तथा अधिकारियों के साथ जाकर भौतिक सत्यापन कर पूर्व डिमाण्ड से मिलान कर नया डिमाण्ड तैयार करने राजस्व अधिकारी अशोक देवांगन को निर्देशित किये। वही अपरान्ह में राजस्व विभाग की बैठक लेकर डिमाण्ड दुरूस्तीकरण अभियान की प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि सभी उप अभियंता एवं राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक कार्य में तेजी लाकर डिमाण्ड दुरूस्त करे।

आयुक्त श्री गुप्ता प्रतिदिन वार्डो में चल रहे डिमाण्ड दुरूस्तीकरण अभियान में स्वयं पहुँच डिमाण्ड से मिलान कर टीम को दिशा निर्देश दे रहे है, जिसके तहत आज उन्होंने मोहारा क्षेत्र के राईस मिलों में जाकर भौतिक सत्यापन किये वही अपरान्ह में गठित दल की क्षेत्रवार अलग अलग जानकारी लेकर अब तक किये गये डिमाण्ड संख्या देख संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी दल डिमाण्ड पंजी लेकर जायेगे जिससे डिमाण्ड के आधार पर भौतिक सत्यापन किया जा सके, वार्डों में जाने के अलावा राजस्व प्रभारी राजस्व वसूली करना भी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि भौतिक सत्यापन करने से कम वसूली की जानकारी हो रही है, और इससे हमारा वसूली भी बढेगी, सभी लोग करदाताओं को जानकारी देंगे और नये डिमाण्ड के आधार पर देयक तैयार कर करदाताओं को बकाया बिल प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि बड़े घरों तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की पहले भौतिक सत्यापन करे उसके पश्चात छोटो का भी मिलान करे। इसके अलावा उन्होंने टीम को प्रतिदिन करने वाले भौतिक सत्यापन की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये।

राजस्व विभाग की बैठक लेकर डिमाण्ड पंजी दुरूस्तीकरण के प्रगति की ली जानकारी

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि कई घरो का आज भी डिमाण्ड में दर्ज नहीं है, जिसे भी विवरणी भर दर्ज करना है, नये मकानों की भवन अनुज्ञा से जानकारी लेकर एवं नये नल कनेक्शन की जल विभाग से जानकारी लेकर उनका भी डिमाण्ड तैयार करना है। उन्होंने कहा कि शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली प्राप्त नहीं हो रही है, सभी कर्मचारी गंभीरता से डिमाण्ड दुरूस्तीकरण कार्य करना है, सप्ताह के अंतिम दिन शनिवार को भौतिक सत्यापन अनुसार डिमाण्ड तैयार कर विवरणी भर करदाताओं को बिल देकर राजस्व वसूली करेंगे। बैठक में उपायुक्त मोबिन अली, राजस्व अधिकारी अशोक देवांगन सहित उप अभियंतागण तथा राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

वर्षा सोनकर, रूषाली कश्यप व खोगेश्वर बाघ शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार से सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल अलंकरण समारोह 2024 अंतर्गतगत अयोजित सम्मान समारोह में हॉकी की नर्सरी राजनांदगांव शहर की उत्कृष्ट राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाडी कु.वर्षा सोनकर, बिलासपुर की रूषाली कश्यप वहीं राजधानी रायपुर के खोगेश्वर बाघ को छत्तीसगढ सरकार द्वारा शहीद पंकज विक्रम अवार्ड से सम्मानित किया गया। लगतार कई वर्षो से तीनो खिलाडी छत्तीसगढ का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में बेहतर खेल प्रदर्शन कर रही है।

मध्यम वर्गीय परिवार से नाता रखने वाली वर्षा सोनकर ने अपने खेल को अपनी मेहनत और लगन से तराशा हैं। हॉकी में अपने योगदान के लिए वर्षा सोनकर राजनांदगांव शहर के लिए के लिए एक मिसाल है वहीं बिलासपुर निवासी रूषाली कश्यप भी एक मध्यम वर्गीय परिवार से नाता रखती है उन्होने अपने समय से बहुत ही संघर्ष करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपना अच्छा खेल प्रदर्शन करते आज वह छत्तीसगढ पुलिस में पदस्थ है वर्तमान में रूषाली कश्यप मोहला में पदस्थ है।

पुरूष वर्ग में रायपुर के वरिष्ठ खिलाडी खोगेश्वर बाघ को भी शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। खोगेश्वर बाघ छत्तीसगढ हॉकी के लिए एक मिसाल है उन्होने अपने खेल जीवन में अनेक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व किया है खोगेश्वर ने अपने खेल कैरियर की शुरूवात बडी कठिनाई एवं संघर्षपूर्ण रास्तों से तय किया है।

वर्षा सोनकर, रूषाली कश्यप व खोगेश्वर बाघ को शहीद पंकज विक्रम अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के महासचिव मनीष श्रीवास्तव, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन, कुतुबुद्धीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर), भुषण सॉव, गणेश प्रसाद शर्मा, दौलत सिंह चंदेल, आशोक यादव, अनिल यादव, मनीष गौतम, ज्ञानचंद जैन, हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव, सुश्री आँशा थॉमस, कुमार स्वामी, दीपक यादव, आशिष सिन्हा, महेन्द्र सिंह ठाकुर, योगेश द्विवेदी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, विरेन्द्र सिंग भाटिया, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे, सचिन खोब्रागडे, विकास वैष्णव, राजू रंगारी, गुणवंत पटेल, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, श्रीमति ममता गुप्ता, श्रीमति बबिता लिल्हारे, किशोर धीवर, शकील अहमद, अमित माथुर, खेमराज सिन्हा, अभिनव मिश्रा, संदीप यादव, कृष्णा यादव ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

अनमोल दावा

> *जीवन में सबसे बड़ी खुशी उस काम को करने में है जिसे लोग कहते है कि तुम नहीं कर सकते हो...*

नियम और अपवाद, बिना दोषी साबित हुए लंबे वक्त तक जेल में रखा, बाद में निकला निर्दोष, अब भरपाई कौन करेगा?

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर इस मसले पर स्थिति साफ की है कि दोषी करार दिए जाने से पहले आरोपी को लंबे समय तक हिरासत में रखने को बिना सुनवाई के सजा बनाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

इस मसले पर लंबे समय से बहस होती रही है कि महज आरोप के आधार पर किसी व्यक्ति को अगर कई-कई महीने जेल में बंद रखा जाता है और बाद में अंतिम तौर पर उसे निर्दोष पाया जाता है तो उसे जेल में रखे गए वक्त को किस सजा के दायरे में माना जाएगा। अब सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर इस मसले पर स्थिति साफ की है कि दोषी करार दिए जाने से पहले आरोपी को लंबे समय तक हिरासत में रखने को बिना सुनवाई के सजा बनाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

गौरतलब है कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और बीआरएस नेता के. कविता इस वर्ष मार्च महीने से जेल में थीं। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय का दावा है कि वे दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में शामिल रही हैं। हालांकि उन्हें जमानत देते हुए अदालत ने यह भी कहा कि धनशोधन कानून के जरिए लगाई गई पाबंदियों की तुलना में स्वतंत्रता का मूल अधिकार 'श्रेष्ठ' है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के सामने यह कोई पहला मौका नहीं था जब इस मसले पर उसने अपना यह रुख स्पष्ट किया है। इससे पहले दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जमानत देते हुए भी अदालत ने यह माना था कि उनके मामले में सुनवाई में देरी हो रही है और उन्हें 'असीमित समय' के लिए जेल में नहीं रखा जा सकता है, क्योंकि यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। के कविता को भी जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह अधिक समय तक जेल में रखने और सुनवाई में देरी को आधार बनाया है।

अगर किसी गंभीर अपराध के आरोप में कोई जांच एजेंसी किसी को गिरफ्तार करती है तो इससे पहला संकेत यही उभरता है कि उसके पास आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत या आधार होंगे। मगर ऐसे मामले अक्सर सामने आते हैं, जिनमें कई वजहों से आरोपी के खिलाफ सबूत पेश करने या सुनवाई का मामला लगातार टलता रहता है और आरोपों के कठघरे में आया व्यक्ति बिना दोषी साबित हुए लंबे समय तक जेल में बंद रहता है।

यह एक तरह से जांच एजेंसियों की कार्यशैली से लेकर कानूनी स्थिति पर भी सवाल है कि आरोप, जांच, सुनवाई और सजा की वे कौन-सी कसौटियां हैं, जिनके तहत बिना दोषसिद्धि के किसी को कई-कई महीने तक कैद में रखा जा सकता है। इस तरह के बिंदुओं पर अदालत को खुद सीबीआई और ईडी जैसी जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने का मौका मिलता है तो इसे कैसे देखा जाएगा? यों पिछले कुछ वर्षों से प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो पर भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकंजा कसने के नाम पर सत्ता पक्ष के इशारे पर काम करने के आरोप लगते रहे हैं।

अदालतों ने भी कई बार इन जांच एजेंसियों की कार्यशैली को लेकर सवाल उठाए हैं। जहां तक आरोप के आधार पर जेल में रखने का मामला है, सर्वोच्च न्यायालय ने फिर इस सुस्थापित सिद्धांत को दोहराया है कि 'जमानत नियम है, जेल अपवाद है' और यह धनशोधन निवारण अधिनियम यानी पीएमएलए मामलों में भी लागू है। आरोप लगने और फैसला आने तक के संदर्भ में शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी बेहद अहम है कि आजादी से वंचित सिर्फ उन स्थापित कानूनी प्रक्रियाओं के जरिए ही किया जा सकता है जो वैध और तर्कसंगत हों।

चंपाई सोरेन झारखंड में क्या बीजेपी को सत्ता तक पहुँचा पाएंगे?

विकास त्रिवेदी

बीते कुछ सालों में हुए विधानसभा चुनावों पर नज़र डालेंगे तो बीजेपी का एक पैटर्न नज़र आएगा.विधानसभा चुनावों से पहले बीजेपी अपना मुख्यमंत्री बदल देती है या विपक्षी दलों के नामी नेताओं को पार्टी से जोड़ लेती है.हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी, गुजरात में विजय रूपाणी की जगह भूपेंद्र पटेल, कर्नाटक में येदियुरप्पा की जगह बासवराज बोम्मई, उत्तराखंड में तीरथ सिंह रावत की जगह पुष्कर सिंह धामी, त्रिपुरा में विप्लब कुमार देव की जगह माणिक साहा को सीएम बनाया गया.ठीक इसी तरह बंगाल में शुभेंदु अधिकारी, महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण, पंजाब में सुनील जाखड़ और कैप्टन अमरिंदर सिंह, मध्य प्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया, असम में हिमंत बिस्वा सरमा... ऐसे कई नाम हैं जो बीजेपी में तब शामिल किए गए जब चुनावी मौसम था.

कहा जाता है कि बीजेपी ऐसा करके सत्ता विरोधी लहर से बचने की कोशिश करती है और नए नेतृत्व की संभावनाओं की चर्चाओं को विस्तार दे देती है.इसी लिस्ट में नया नाम झारखंड के पूर्व सीएम और जेएमएम नेता चंपाई सोरेन का है. सोरेन 30 अगस्त को बीजेपी में शामिल हो रहे हैं.पर सवाल ये है कि चंपाई सोरेन की सियासी ज़मीन कितनी मज़बूत है और बीजेपी के सोरेन को पार्टी में शामिल करने की वजह क्या है?26 अगस्त को हिमंत बिस्वा सरमा के सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की गई. इस तस्वीर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सरमा के अलावा चंपाई सोरेन भी दिख रहे थे.सरमा झारखंड में बीजेपी के चुनाव प्रभारी भी हैं. सरमा खुद भी 2015 में असम चुनाव से पहले कांग्रेस से बीजेपी में आए थे. अब सरमा ही झारखंड चुनाव से पहले चंपाई सोरेन को बीजेपी से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते दिख रहे हैं.झारंखड बीजेपी में फ़िलहाल कोई वैसा नेता नहीं है, जिसकी अपील हर तबके में हो.दिसंबर 2014 में झारखंड में जब बीजेपी जीती तो रघुबर दास के रूप में पहली बार राज्य को ग़ैर-आदिवासी सीएम मिला.रघुबर दास को मुख्यमंत्री बनाने को बीजेपी के राजनीतिक प्रयोग के रूप में देखा गया. झारखंड बनने के बाद से ग़ैर-आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाने का जोखिम किसी पार्टी ने नहीं उठाया था.यह कुछ ऐसा ही था जैसे बीजेपी हरियाणा में ग़ैर जाट, महाराष्ट्र में ग़ैर मराठा और गुजरात में ग़ैर-पटेल पर दाँव लगा चुकी थी. हरियाणा में बीजेपी का यह प्रयोग सफल भी रहा लेकिन महाराष्ट्र और झारखंड में ऐसा नहीं हुआ.2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में बीजेपी हार गई. यहाँ तक कि रघुबर दास अपनी सीट भी नहीं बचा पाए और उन्हें हराया बीजेपी के ही बाग़ी सरयू राय ने.इस हार के बाद रघुबर दास झारखंड बीजेपी में हाशिए पर आते गए और अंततः वह ओडिशा के राज्यपाल बना दिए गए.झारखंड बीजेपी में अर्जुन मुंडा भी बड़े नेता रहे हैं.

वह प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में कैबिनेट मंत्री भी रहे लेकिन इस बार वह लोकसभा चुनाव हार गए. अर्जुन मुंडा भी झारखंड मुक्ति मोर्चा से ही बीजेपी में आए थे.रघुबर दास, अर्जुन मुंडा की कैबिनेट में वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री भी रहे. 2014 में भी बीजेपी अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रही थी लेकिन अर्जुन मुंडा खरसांवा से खुद ही चुनाव हार गए.इसके बाद मुख्यमंत्री का उनका दावा कमज़ोर पड़ा और रघुबर दास को मौक़ा मिल गया. लेकिन 2019 के विधानसभा चुनाव में रघुबर दास भी अपनी सीट हार गए.2019 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनावों में अनुसूचित जनजाति के लिए रिज़र्व सीटों पर हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा यानी जेएमएम को फ़ायदा हुआ.बाबूलाल मरांडी झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बने थे. वह प्रदेश में बीजेपी के अहम चेहरे थे लेकिन पार्टी में और ज़मीन पर उनकी पकड़ भी ढीली पड़ती गई.मरांडी ने बीजेपी छोड़कर झारखंड विकास मोर्चा नाम से नई पार्टी बनाई थी. मगर 2019 के झारखंड चुनाव के बाद बीजेपी ने मरांडी की वापसी कराई.अब मरांडी झारखंड में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष हैं. बीजेपी कमज़ोर पड़ी तो मरांडी के पास गई लेकिन मरांडी को झारखंड की जनता आजमा चुकी है.

रघुबर दास राज्यपाल बना दिए गए, अर्जुन मुंडा चुनाव हार गए और मरांडी की वापसी से बीजेपी बहुत आश्वस्त नहीं लग रही है. ऐसे में चंपाई सोरेन को बीजेपी में शामिल किया जा रहा है. अब सवाल उठता है कि क्या चंपाई सोरेन बीजेपी को झारखंड में फिर से सत्ता दिलवा सकते हैं? बीजेपी में मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा? क्या बीजेपी इस बार भी ग़ैर-आदिवासी पर दांव लगाएगी? शायद अभी इन तीनों सवालों का जवाब बीजेपी के पास भी नहीं होगा.बीजेपी ने पिछले एक दशक में राज्यों में विधानसभा चुनाव लड़ने की रणनीति बदली है. कई बार होता है कि जिसके नेतृत्व में बीजेपी चुनाव लड़ती है, उसे पार्टी मुख्यमंत्री नहीं बनाती है और जो लोकप्रिय चेहरा नहीं होता है, उसे मुख्यमंत्री बना देती है. मिसाल के तौर पर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में जिन चेहरों को सीएम बनाया गया, उनके नाम की चर्चा कहीं नहीं थी. अब सवाल ये है कि चंपाई सोरेन की सियासी ज़मीन क्या वाक़ई इतनी मज़बूत है कि बीजेपी अतीत में हुए नुक़सान की भरपाई कर पाएगी?

लघुकथा — पोरा के तीन दिन - मूलभाव

पोरा छत्तीसगढ़ मा मूल संस्कृति के परब आय। पोरा हर साल भादो महीना के अमावस्या तिथि के मनाय जाथे। ये तिहार ल जायदातर महाराष्ट्र अउ छत्तीसगढ़ मा धूमधाम ले मनाय जाथे। पोरा ला - पोला-पिठौरा, कुशोत्पटिनी नाव ले तको जाने जाथे।

तिहार गाँव के बेवस्था ला बनाय रखे के काम करथे। गांव के तिहार किसानी ले जुड़े हे, जेनहा ''अक्ति'' बीज उपचारण ले शुरू होके गांव बनई, छेर- छेरा पुन्नी तक ले चलत रहिथे। जइसे - जइसे फसल बाढ़त जाथे वइसने - वइसने तिहार संघरत जाथे। पोरा ला खास करके तीन दिन ले मनाय जाथे, जइसे देवारी ला पांच दिन ले। आवव पोरा के तीन दिन ला जानन-

(1) गरभ बनई - गर्भही (गर्भधारण) पोरा के एक दिन पहिली रात के माता देवाला मा किसान बिधी - बिधान पूर्वक गर्भही पूजा करथे जेला गरभ बनई केहे जाथे। गर्भधारण नानपन अउ बुजुर्ग अवस्था मा नइ करे जा सके युवा अवस्था मा ही मादा, पेड़ - पऊधा, जीव जंतु, मन करथे। प्रकृति अपन ढंग ले काम करथे अउ रसायन अपन काम करथे। वो बात अलग हे आज रसायन के जमाना मा बारो महीना गोभी भाटा, बंगाला, तुमा, कुम्हड़ा खाय बर मिल जथे। प्राकृतिक रूप ले तइयार होय पऊधा एक निश्चित अवधि मा गरभ धरथे अउ फलथे फूलथे।

''पोरा-पोर माने फूटना, पोटारना, पूर्ण रूप ले मजबूत (परिपक्व)होना। इही पोटरई के खुशी मा जेन तिहार ला मनाथे तेला पोरा कहे जाथे।

(2) पोरा तिहार - हरेली ले ठीक एक महीना बाद भादो के अमावस्या तिथि के दिन मनाय जाथे। ये दिन माटी के खेलौना के माध्यम ले परम्परागत घरेलू काम काज के सिक्सा देय जाथे। येमा बेटा -बेटी के काम - धाम के अन्तर ला समझाय के उदिम करे गेहे। बेटी घर के काम सीखथे अउ बेटा बाहिर के। तेकरे सेती बेटी मन बर माटी के पोरा जांता, गंजी, कढ़ही, बाल्टी जीनिस ला अउ बेटा मन बर माटी के बइला ला बिसाथे। बेटा माने नंगरिहा, जेनहर नांगर बइला धरके खेत मा काम करथे।

ये परम्परागत जुम्मेदारी निभाय के संदेशा पोरा तिहार हर अवइया अपन पीढ़ी ल पोठ करे बर देथे। ये तिहार के खुशी मा गांव के माई लोगन मन छत्तीसगढ़ी ब्यंजन ठेठरी, खुरमी, मुठिया, सोहारी गुजिया भजिया बनाथे। जेन ला घर के पुरुष जात मन बिधी-बिधान पूर्वक माटी के खेलौना, देबि - देवता ला सुमर के हुम धूप संग भोग लगाथे। बाद मा घर भरके बाँट बिराज के खाथे।

(3) नारबोद - नार+बोद। नार=गांव, बोद=रोग, बोझ, बहिराना। ये दिन गांव के जम्मो जादू - टोना,टोटका, रोग -राई, खस्सी - खोखली, मरही -खुरही, ला गांव के सियार (सीमा, सरहद) ले बाहिर कर देय के संदेशा देय जाथे। हरेली ले पोरा तक लइका मन के खेले गेड़ी ला बरोय बर हुमदेवा हर हाँक पारथे। सब्बो लइका मन गेड़ी धरके गांव म एक जगा सकलाथे, गांव भर ला घुमके रोग भगाए के नारा लगाथे। गांव के सियार मा जाथे, खटिया के डोरी ला घर के सदस्य संख्यानुसार गाँठ बाँधथे, अउ ऊही मेरन गेड़ी ला सरो देथे। ये दिन गांव के किसान भेलवा डारा ला टोरके खेत मा गड़ियाथे, जेमा छोटे- छोटे कीरा मन चीपक जाथे। उही डारा मा चिरई - चिरगुन आके बइठके खेत के फाँफा, मेकरा, कीरा -मकोरा मन ला खाके नास करथे। ये ढंग ले प्रकृति, संस्कृति, विज्ञान, संस्कार, परम्परा, मनरंजन अउ ब्यंजन के तिहार आय - पोरा। ये जम्मो मोर लिखा ठगुल -मगुल के नोहे जेन ला देखे- सुने हों उही ला लिखे हों। आन - आन क्षेत्र के आन-आन रिवाज परम्परा हो सकत हे।

मदन मंडावी
ढारा, डोंगरगढ़,
राजनांदगांव
मो- 7693917210

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम - 245 : लक्ष्मी जी की मनुज अवतार माता सीता का अलौकिक सौंदर्य

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

सीता जी ने कक्ष में प्रवेश कर माता कौशल्या और माता सुमित्रा के चरण स्पर्श किए। माता कौशल्या ने सीता जी को आशीर्वाद दिया, ''अखंड सौभाग्यवती भवः।''

माता सुमित्रा ने कहा, ''सदा प्रसन्न रहो सीता!''

सीता जी अभिषेक के लिए पूरी तरह से तैयार होकर आई हैं। सुमंत जी के साथ अपने निज कक्ष से प्रभु श्री राम के प्रस्थान के बाद उन्होंने बहुत देर तक प्रतीक्षा की। इसके बाद उन्हें यह प्रतीत हुआ कि श्री राम अन्य कार्यों में व्यस्त हो गए होंगे, इसलिए उन्होंने स्वयं को अभिषेक कार्यक्रम के लिए तैयार किया ताकि अल्प सूचना पर राजप्रासाद से अभिषेक स्थल की ओर प्रस्थान किया जा सके। पीत वर्ण की रेशमी शाटिका में देवी सीता अत्यंत शोभित हैं। उनकी सौम्यता, पवित्रता और सादगी उनके परिधान और उनके द्वारा पहने गए आभूषणों से ही प्रकट होती है।माता सीता से सौंदर्य ही परिभाषित होता है। उनके मुख पर अपूर्व तेज है। माताओं के समक्ष उनके सिर पर हल्का अवगुंठन (घूंघट) है।

गरिमापूर्ण धारण किए गए वस्त्र के निवि, उत्तरीय और स्तंभपट्ट उनके व्यक्तित्व को दैवीय आभा प्रदान कर रहे हैं।मांग टीका, कुमकुम, बाजूबंद, कंकन, करधनी, हथफूल से लेकर चरणों में पायल और बिछिया.... माता लक्ष्मी का मनुज स्वरूप वैदेही...जानकी...सीता जी... भूमिजा...। जिनके दर्शन मात्र से मन में श्रद्धा और पवित्रता के भाव उत्पन्न हो जाते हैं।

जानकी जी ने आज अनुभव किया कि आशीर्वाद देते समय माताओं के मुख पर वह चमक और वाणी में वह उत्साह नहीं है,जैसा उन्हें प्रतिदिन लगता है। उन्होंने हल्की मुस्कुराहट के साथ श्री राम जी की ओर देखा और थोड़ा सकुचाते हुए पूछा, ''सब कुशल तो है आर्य पुत्र? आप सभी अभी तक यहां हैं और गुरु वशिष्ठ द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार अभिषेक स्थल के लिए प्रस्थान करने का समय निकट आ रहा है।''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -163

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं : 1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे 1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुस्बात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 162 का हल

सू- दोकू क्र.163

	6	3		8		1		4
8			3		4		7	
	4			5		8		
3		8			1		4	
	1			4		9		7
		4			2		1	
1				3		4		8
	8		2		9		3	
		9		1		2		5

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.162 का हल

6	7	9	2	4	5	3	1	8
2	1	8	3	7	6	9	5	4
7	6	4	5	2	8	1	3	9
3	8	1	6	9	7	2	4	5
9	2	5	4	1	3	8	6	7
8	3	7	9	6	4	5	2	1
5	4	2	8	3	1	7	9	6
1	9	6	7	5	2	4	8	3
4	5	3	1	8	9	6	7	2

सामयिक चर्चा

उत्सुकता

खबर पढ़ कर,
बानी बोले- ''गजाधर!
कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक
शैलेश पाण्डे ने कहा-
इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी न देकर
केन्द्र ने छत्तीसगढ़ को धोखा दिया।
फिर आगे उन्होंने
यहॉ के संसाधनों का उल्लेख किया -
प्रदेश में बिजली, पानी और
रॉ मटेरियल की कोई कमी नहीं है
और यहॉ औद्योगिक वातावरण भी अच्छा है,
यह बात भी सही है।
फिर भी छत्तीसगढ़ को
इस विकास की धारा से बाहर रखा गया है।
जिन राज्यों को इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी मिली है,
उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दिया गया है।
और वहां के बेरोजगार युवकों में
उत्साह-उमंग की भावना जगी है
लेकिन छत्तीसगढ़ के
बेरोजगार युवाओं के हाथ,
निराशा ही लगी है।
गजाधर! इस पर आप अपनी
क्या प्रतिक्रिया व्यक्त करेंगे?''
गजाधर मुस्कराए बोले - ''बानी!
हम सोच रहे हैं,
इस पर अब, भाजपाई क्या कहेंगे?''

-गिरीश बख्शी

कविता

//हाथी//

गांव-शहर मा अब तो संगी, आवत हावय हाथी।
एक अकेला नइ हे देखव, अब्बड़ झन हें साथी।।
भूख पियासे कलपत निकलय, खोजय जेवन पानी।
झाड़ झरोखा ला काटत हव, का चलही जिनगानी।।
भारी गुस्सा जब आवय ता, खूंद सबो ला पचके।
कती लुका के जाबे मनखे, रहिबे कइसे बच के।।
मेड़ पार मा बने झोपड़ी, ब्यारा खेत उजाड़े।
केला महुआ आमा गन्ना, जम्मो फसल बिगाड़े।।
अभी आय हे हाथी भर हा, शेर घलो आ जाही।
कोनो नइ बाँचव मनखे तुम, चीथ-चीथ के खाही।।
जंगल ला जंगल तुम राखव, झन येला हथियावव।
हरियर-हरियर रइही सुग्घर, सुख के छइहाँ पावव।।

प्रिया देवांगन ''प्रियू''
राजिम, जिला - गरियाबंद, छत्तीसगढ़

कविता

जीत गई

हर कदम हम साथ साथ है,
सिर पर सभी का हाथ है।
कभी हार सामना नहीं हुआ,
बच्चा बच्चा तुम्हारे साथ है।
गोल्ड सिल्वर ब्राँझ कास्य हो,
इससे उपर सब का साथ है।
तुम हर दिल को जीत गई हो,
जिसका नहीं कोई मुकाबला है।
कौन भूलेगा इस अलबेली को,
जो भारत की जबरदस्त शान है।
वो घटना, मिल का पत्थर है,
अब इतिहास तुम्हारे साथ है।

गजेंद्र बख्शी
अधिवक्ता
रिद्धि सिद्धि कालोनी
फेस-3, राजनांदगांव
982718417

राशिफल

मेष — आज का दिन लाभ देने वाला है। इस राशि के लोगों को आज धन लाभ होने से परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। इस राशि वाली महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है। उन्हें अपने ननिहाल या मायके की तरफ से खुशखबरी मिल सकते हैं। ऑफिस में सीनीयर्स की तरफ से पॉजीटिव रिसपॉन्स मिलेगा।

वृषभ — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है। टूर एंड ट्रेवल्स तथा मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा। आज कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करना पड़ेगा। पति-पत्नी का आपसी सहयोगात्मक व्यवहार आपसी नज़दीकियां बढ़ाएगा।

मिथुन — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। व्यापार बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करेंगे। कोई भी छोटा बड़ा फैसला लेते समय किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज किसी को दिए पैसे की वापसी भी हो सकती है।

कर्क — लेखकों के लिए आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज इन्हें अपने लेखन शैली से जीवन में सफलता मिलने के अवसर प्राप्त होंगे। इस राशि के लोगों को आज अपने परिवार के किसी सदस्यों से नये वस्त्रों की मिल सकते हैं। आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है, साथ ही जो भी काम करना चाहेंगे वो पूरे हो जाएंगे।

सिंह — आज व्यस्तता के साथ गुजरेगा फिर भी आपको यह सोचकर अच्छा लगेगा कि आज आपने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया है। इसके साथ ही आप घर वापस आकर अगले दिन के लिए टारगेट सेट करेंगे साथ ही आप अगर घरों में कोई परिवर्तन संबंधी कोई निर्णय लेना चाहते है तो आपके लिए अच्छा दिन है।

कन्या — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे ।यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिन्त हो जाएँ, ऐसा कुछ नही होने वाला क्युकी आज आपका दिन आपके फेवर में है। आज जीवनसाथी का आपके प्रति पूर्ण सहयोग रहेगा।

तुला — आज आपका दिन रोज से अच्छा रहेगा।आप अपने कामकाजी जीवन से थोड़ा ब्रेक लेकर जीवन साथी के साथ किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बनाएंगे। यह आपके अपने रिश्ते को संजोए रखने के लिए आवश्यक कदम होगा। पारिवारिक जीवन खुशहाल रखने के लिए कम्युनिकेशन गैप न होने दें।

वृश्चिक — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो इससे आपके काम जल्दी निपटेंगे। आज आपको कोई नयी जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी। आज आप मार्किट से कोई मनपसंद सामान खरीदेंगे।

धनु — आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज दोस्तों और संबंधियों से पूरी मदद मिलेगी। खास काम के सिलसिले में बातचीत भी होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह लेना आपके लिए बहुत ही लाभदायक भी रहेगा। आप अपने आपको बढ़िया महसूस करेंगे।

मकर — आज दिन की शुरूआत अच्छी होगी। इससे परिवार में सामांजस्य बना रहेगा। छात्रों को आज कोई शुभ सूचना मिलने वाली है। जिससे करियर में बदलाव आयेगा। पुराने समय को भूलकर आगे बढ़ेंगे तो सफल हो जाएंगे। आपकी सोच में बदलाव आयेगा । यह बदलाव आपके लिए शुभ फल देने वाला होगा।

कुंभ — आज का दिन आपके लिए बहुत सामान्य रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। आज पारिवारिक तथा व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना कर रखने से उचित व्यवस्था बनी रहेगी। स्टूडेंट को अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे।

मीन — आज का दिन आपको सफलता दिलाने वाला रहेगा। आज बच्चों का परिणाम देखकर मन में तसल्ली रहेगी। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। आज आपको यह ध्यान रखन होगा कि नकारात्मक विचार आपके मनोबल को कमजोर कर सकते हैं। आपकी मेहनत से आय में इजाफा होगा ।

नए सीएमओ वर्मा का स्वागत, पुराने साहू को विदाई, साथ ही रिटायर्ड कर्मचारी शिव ठाकुर को दी भावभीनी विदाई

तीन स्वरूप में हुआ विदाई और स्वागत कार्यक्रम
0 पूरे 38 वर्ष सेवा देने वाले रिटायर्ड कर्मचारी शिव ठाकुर के कुशल कार्यों की जमकर प्रशंसा
0 विद्युत, राजस्व, जलप्रदाय, पेंशन योजना के साथ राशनकार्ड और सफाई विभाग के कार्यों में अपनी पहचान बनाई थी

गंडई पंडरिया (दावा)। नगर पंचायत गंडई में सीएमओ के पद में पदस्थ रहे गिरीश साहू का तबादला गुण्डरदेही जिला बालोद एवं जामुल नगर पालिका परिषद जिला दुर्ग में मुख्य लिपिक के पद पर पदस्थ रहे हेमंत कुमार वर्मा जो पदोन्नत होकर गंडई में सी एम ओ के पद पर पदस्थ हुए है। साथ ही नगर पंचायत में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ रहे शिव सिंह ठाकुर जो 62 वर्ष की आयु पूरा होने पर निकाय परिवार ने शासन के आदेश के तहत शुक्रवार 30 अगस्त को शाम 4 बजे निकाय सभागार में विधिवत बिदाई दी गई। वही नए सीएमओ हेमंत वर्मा का पुष्पगुच्छ तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

पूरे कार्यक्रम में स्वागत से लेकर बिदाई होते देखा गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक राजस्व निरीक्षक कमल किशोर नेताम ने किया। कार्यक्रम में पुराने सीएमओ गिरीश साहू एवं रिटायर्ड कर्मचारी शिव ठाकुर का तिलक लगाकर श्री फल शाल एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

इस विदाई कार्यक्रम को अध्यक्ष चेतन देवांगन, पार्षद श्यामपाल ताम्रकार, लियाकत अली खान ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते कहा की एक शासकीय सेवक का आना जाना लगा रहता है, लेकिन आज हम अपने बीच से निकाय में सभी विभाग का जिम्मेदारी का सफलता पूर्वक निर्वहन करने वाले आल राउंडर कर्मचारी शिव ठाकुर जिनका आज रिटायर्ड है, हम सभी आज उनके द्वारा किए कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है, उनके कार्यों को देखते हुए रिटायर्ड कर्मचारी शिव ठाकुर को ठेका श्रमिक के रूप में कार्य करने का अवसर देने संबंधी चर्चा भी हुआ।

सभी ने रिटायर्ड होने वाले कर्मचारी शिव सिंह ठाकुर के द्वारा किए गए कार्यों की जमकर प्रशंसा की, नगर पंचायत गंडई जब 28 मार्च 1984 में अस्तित्व में आया तब 1988 में कलेक्टर दर, दैनिक कर्मचारी के पद पर कार्य किया, जब सरकार ने नियमितीकरण का आदेश किया तब 20 साल दैनिक वेतन भोगी में सेवा देने के बाद 2008-2009 में इनका नियमितीकरण हुआ और आज पूरे 62 वर्ष सेवा देने के बाद सेवा से मुक्त हुआ है। इस कार्यक्रम में राकेश ताम्रकार, सूरज नामदेव, टूम्मन साहू, क्रांति ताम्रकार, यतीश कुंजाम, शत्रुहन कुर्रे, शैलेंद्र जायसवाल सहित निकाय के कर्मचारी किंशुक यादव, महेंद्र कश्यप, राजमणि शर्मा, इशहाक खान, दयालु साहू, नवीन नामदेव, शत्रुहन मारकंडे, गौकरण मेरावी, इमरान खान, हेमंत मरकाम, पालू साहू, अजीत सिंह, सरस्वती देवांगन, प्रियंका बोरकर सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

डोंगरगांव मुस्लिम समाज ने एफआईआर के लिए सौंपा ज्ञापन

डोंगरगांव (दावा)। नगर के मुस्लिम समाज के लोगों ने डोंगरगांव एसडीएम एवं टीआई डोंगरगांव को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में दी गई जानकारी के अनुसार रामगिरी महाराज के द्वारा हमारे पैगम्बर नवी मोहम्मद साहब (स) के शान में सामूहिक स्थलों पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर छत्तीसगढ़ सहित समस्त देश के मुस्लिम समुदाय (वर्ग विशेष) के भावना को ठेस पहुंचाने के साथ साथ हमारे देश की एकता, अखंडता एवं सांप्रदायिक सौहार्द्र भंग करने का प्रयास किया गया है जो कि जघन्य अपराध की श्रेणी में आता है. भविष्य में ऐसी जघन्य अपराध किसी भी जाति, धर्म, समाज(वर्ग विशेष) के साथ घटित न हो इसलिए रामगिरी महाराज के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्यवाही कर तत्काल गिरफ्तार कर दंडित करने के लिए ज्ञापन जामा मस्जिद एवं समस्त मुस्लिम कमेटी डोंगरगांव के द्वारा एसडीएम एवं थाना प्रभारी को सौंपा गया है। इस दौरान सदर इकराम तंवर के साथ डॉ.बसीर अहमद खान, जावेद भाई, सिद्दीक बडगुजर, इकबाल तंवर, अमीर निर्वाण, अख्तर बडगुजर, चुक्कू खान, जावेद सोलंकी, कलाम चौहान, नफीस खान, तस्लीम भाई, जसीम हसन एवं अन्य मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी समाज के फिरोज हसन रिजवी ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

पहला कॉलम...

केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक कल

डोंगरगांव (दावा)। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ 'रहटादह पं.क्र.1282 केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक कल दिनांक 01 सितंबर को उपसमिति डोगरगाँव में आयोजित की गई है। यह बैठक यादव भवन डोगरगाँव में रविवार को दोपहर समय 12:00 बजे से महासभा के अध्यक्ष ठा. बजरंग सिंह बैस की अध्यक्षता में रखी गयी है। बैठक में 61वें वार्षिक महाअधिवेशन 2025 जोन कं.4 दुर्ग में सम्पन्न होना है। चर्चा निर्णय, राजपूत क्षत्रिय महासभा छ.ग रहटादह पं.क्र.1282 के त्रिवार्षिक निर्वाचन 2025 हेतु केन्द्रीय निर्वाचन मंडल का गठन हेतु चर्चा निर्णय, भूमि क्रय एवं भवन निर्माण समिति की बैठक में लिए निर्णय पर चर्चा, वार्षिक सदस्यता वर्ष 2024 के सदस्यता बुक वितरण पर चर्चा, अन्य महत्वपूर्ण विषय अध्यक्ष की अनुमति से महासभा के महासचिव विष्णु सिंह बघेल ने सभी के. कार्यकारिणी सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। जानकारी के.मिडिया सेल प्रमुख ठा.आदर्श सिंह ने दी।

ग्राम बगमार में डंप रेत का खेल, दुगुने दाम पर बेच रहे

खुज्जी (दावा)। समीपस्थ ग्राम पंचायत भटगुना के आश्रित ग्राम बगमार में इन दिनों बारिश के चलते रेत माफिया द्वारा अवैध रूप से डंपकर रखा गया रेत का परिवहन कर जरूरतमंदों के पास डबल दर पर रेत खपाया जा रहा है, जिससे रेत माफिया को अच्छी खासी मोटी रकम मिल रही है, खनिज विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगती। नदी में अभी जल का बहाव होने या नदी में जल रहने की वजह से रेत का उत्खनन करते नहीं बनता, इसी कारण से रेत माफिया बारिश के दिनों अपना अवैध कारोबार बंद ना पड़ जाए इसी वजह रेत का अवैध उत्खनन कर अलग अलग ठिकाने पर रेत डंप कर रखते हैं व बारिश के दिनों में रेत का परिवहन करने में अच्छी खासी कमाई हो रही है। खनिज विभाग ऐसे लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें।

मुरमुंदा में गोविंदा उत्सव 8 को

डोंगरगढ़ (दावा)। श्री राम भक्त युवा समिति मुरमुंदा द्वारा आगामी 8 सितंबर को गोविंदोत्सव का आयोजन रखा गया है। समिति के सदस्य दीपक सिन्हा एवं जमीद भोयर ने बताया कि गोविंदोत्सव देखने दूर-दूर गांव के लोग पहुंचते है। गोविंदा लूटने गोंदिया, रायपुर, नागपुर आदि शहरों की टोलियां आती है। श्री कृष्ण भक्त युवा समिति तैयारी में जुटी है।

महरूम में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता 2 को

डोंगरगांव (दावा)। अंचल में स्थित ग्राम महरूम में अमर ज्योति क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 2 सितम्बर को आयोजित किया गया है। इस आयोजन में प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए अनेक नगद पुरस्कारों की घोषणा भी की गई है जिसमें प्रथम पुरुस्कार 5001रू., द्वितीय 4001रू., तृतीय 3001 रू., चतुर्थ 2001रू. है। इसके साथ ही विजेता टीम के लिए ट्रॉफी और मेडल की व्यवस्था भी की गई है। इसके साथ ही बेस्ट ऑलराऊंडर, बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर, बेस्ट अनुशासित टीम को भी पुरस्कृत किया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए आयोजन के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने बताया कि संध्या 5 बजे प्रारंभ होने वाले इस प्रतियोगिता में अंचल टीमें भी हिस्सा ले सकेगी।

छात्रों में नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क के गुण विकसित करने लगाया कैंप

डोंगरगढ़ (दावा)। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ में 27 अगस्त को स्काउट और गाइड राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ऋषभ यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और स्काउट-गाइड गतिविधियों के महत्व की जानकारी दी। समारोह में छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। ऋषभ ने स्काउट और गाइड कैम्प के लाभ और बच्चों को अनुशासन और आत्मनिर्भरता सिखाने के उद्देश्य की सराहना की। प्रधानाचार्य एसआर कुजूर ने कहा इस कैंप का उद्देश्य छात्रों को नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और सामाजिक जिम्मेदारी के गुण सिखाना है। यह कार्यक्रम सभी के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव होगा। समारोह के बाद कैंप की गतिविधियों की रूपरेखा बताई, आगे की योजना के बारे में जानकारी दी गई। इस कैंप में रायपुर संभाग के 23 स्कूलों की 122 गाइड्स ने हिस्सा लिया।

सुन्नी मुस्लिम समाज छुरिया ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

छुरिया (दावा)। आज छुरिया के सुन्नी मुस्लिम समाज ने महाराष्ट्र निवासी बाबा रामगिरी नामक व्यक्ति के द्वारा उनके पैगम्बर हजरत स.व.स. के सम्मान का अपमान किया हैं जिसके कारण मुस्लिम समाज के लोग आहत हैं इस विषय को लेकर छुरिया के सुन्नी मुस्लिम समाज ने अपने सदर वसीम कुरैशी सहित पूरे समाज के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ तहसीलदार छुरिया के कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंपा जिसमें महाराष्ट्र निवासी बाबा रामगिरी नामक व्यक्ति द्वारा किये गये अपमान जनक बयान की कड़ी निंदा करते हुये महामहिम राज्यपाल, राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री छ.ग. शासन से मांग की है कि मुस्लिम समाज चाहता हैं कि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो देश की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एकता कायम रहे तथा देश में शांति बनी रहे इसलिये इस तरह कि घटनाओं को रोकना के लिये रामगिरी बाबा को तत्काल गिरफ्तार किया जाए एवं कड़ी सजा दी जाये। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने सदर वसीम कुरैशी के साथ अहमद खान, अलीम खान, तौकीर अहमद, हासम अली हासमी, सिद्दीक कुरैशी, इलियाश खान, गफ्फार मेमन, अब्दुल खान, हमीद कुरैशी, मो. सद्दाम, जावेद खान, युसुफ मियां, असलम निरबान, आशिक रजा, आरिफ मेमन, अकरम खान, मो. फैज, सफदर खान, अफी मेमन, जावेद मेमन, नौशाद खान, मुज्जम्मिल खान मौजूद रहे।

0 महाराष्ट्र में पैगम्बर हजरत स.व.स. का किया गया अपमान
0 दोषी को तत्काल किया जाये गिरफ्तार

एस्पायर डेवलपमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

अंबागढ़ चौकी (दावा)। एस्पायर डेवलपमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी में 24 अगस्त दिन शनिवार को बड़े ही धूमधाम से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया जिसमें स्कूल के बच्चों द्वारा राधा कृष्ण, सुदामा, माँ यशोदा, वासुदेव का पोशाक पहनकर विभिन्न रूपों में कृष्ण जन्मोत्सव का आनंद लिया शाला में दही हांडी एवं कृष्ण लीला का आयोजन किया गया साथ ही हांडी सजावट की प्रतियोगिता रखी गई जिसमें श्री कृष्ण की पोशाक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-पूरब सोनी, द्वितीय स्थान तिथि सरकार, तीसरा स्थान कुश राठौर राधा की पोशाक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शहनाज़ अंजुम, द्वितीय स्थान सेजल निषाद, तीसरा स्थान नवान्या सरकार रहे।

शाला परिवार ने कृष्ण जन्मोत्सव के कार्यक्रम को बहुत ही धूमधाम से मनाया, सभी बच्चे बड़ चढ़कर इस कार्यक्रम मे हिस्सा लिए और इस कार्यकम को सफल बनाया कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि मुकेश सिन्हा, गजेंद्र सिन्हा विशेष अतिथि जुगल सिन्हा जनक ठाकुर शिक्षिका- आइसा परवीन, रश्मी चौरे, मीरा साहू, अंजलि डोंगरे, आयुषी वाधवानी, तोमेश्वरी सिन्हा, प्रतीक मालेकर, मनोज निषाद पालक गण धर्मेंद्र साहू, राजू निषाद, भगवान सिंह सलाम, विष्णु बोडले, उमेश साहू, आबिदा बेगम, मीना साहू एवं अन्य पालक गण उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्ति तिथि को ही समस्त भुगतान करने हेतु डीइओ से मिले शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई राजनांदगांव के प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि आदित्य कुमार खरे सहायक संचालक राजनांदगांव को ज्ञापन सौंपा। प्रमुख बिन्दुओं में शासन के आदेशानुसार सेवानिवृत्ति के 24माह पूर्व सेवा पुस्तिका का कोष एवं लेखा से सत्यापन कराया जाकर सेवानिवृत्ति तिथि को ही समस्त स्वत्वों का शीघ्र भुगतान करने, सेवानिवृत शिक्षकों का पुनर्नियुक्ति आदेश अविलंब जारी करते हुए पुनर्नियुक्त भत्ता का प्रति माह भुगतान करने, संकुल शैक्षिक समन्वयक तृतीय श्रेणी पदधारी है, जो द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारी प्रधान पाठक मिडिल स्कूलों का नियम विरूध्द निरीक्षण करते है पर रोक लगाने, जी.पी. एफ. पार्ट फाइनल/अग्रिम 15 दिनों के भीतर प्रदान करने, स्तरहीन, दूषित भोजन बनने एवं मीनू के अनुसार संचालनकर्ता महिला समूह द्वारा शालाओं में भोजन तैयार न करने पर प्रधानपाठक को दोषी न मानने, हाई/हायर सेकेन्डरी स्कूलों मे बीइओ /एबीईओ को निरीक्षण न करने हेतु निर्देशित करने निवेदन किया गया। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष महेश्वर प्रसाद साहू, जिला सचिव परदेशी राम साहू, जिला कोषाध्यक्ष भेल सिंह वर्मा, प्रमुख संगठन मंत्री जब्बार कुरैशी, उपाध्यक्ष परसादी राम साहू, सह सचिव पोइत राम साहू, डोंगरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष संतोष देवागन, राजनांदगांव ब्लॉक अध्यक्ष गजाधर साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र सिंह ठाकुर, धनूलाल महोबिया, त्रिभुवन दुबे, रामनाथ भैसारे, मुन्नेहलाल लिल्हारे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

पोला पर्व बैल जोड़ी सजावट प्रतियोगिता 2 को



डोंगरगढ़(दावा)। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी पोला पर्व बैल जोडी सजावट प्रतियोगिता 2 सितम्बर, सोमवार को कचहरी मैदान एवं स्व. श्रीमती भूली बाई के शिव मंदिर प्रांगण में संध्या 5:00 बजे रखी गई है। जिसमें प्रथम रनिंग शील्ड श्रीमती भूलि बाई की स्मृति में द्वितीय रनिंग शील्ड स्वर्गीय नत्थूलाल तराने की स्मृति में रखी गयी है।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरूस्कार रनिंग शील्ड भूली बाई की स्मृति में एक धोती श्रीफल व 1100 रूपये नगद, द्वितीय पुरूस्कार रनिंग शील्ड स्व. नत्थूलाल तराने की स्मृति में एक धोती श्रीफल व 501 रू. तृतीय पुरूस्कार 301 रूपये नगद 1 धोती व श्रीफल रखा गया है। चतुर्थ पुरूस्कार अच्छी नस्ल पर रूपये नगद 1 धोती व श्रीफल रखा गया है। सांत्वना में 3 ईनाम रखा गया है। 201 रू नगद व एक गमछा, श्रीफल प्रत्येक को दिया जायेगा।

प्रत्येक बैल जोड़ी को 1 श्रीफल व 101 रूपये से सम्मानित किया जायेगा। आयोजन समिति ने बैल जोड़ी के स्वामी से अधिक से अधिक संख्या में अपनी बैल जोडी सजाकर लाने की अपील की है। उक्त जानकारी रामजी तराने ने दी।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉ.आर. के. ठाकुर के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी नोडल अधिकारी द्वारा कृमि नाशक दवा सेवन हेतु आवश्यक निर्देश प्रदाय किया गया।

महाविद्यालय के 19 वर्ष आयु वर्ग छात्र छात्रों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल एक गोली चबा करके पानी के साथ सेवन कराया गया। इस कार्यक्रम के तहत छूटे हुए विद्यार्थियों को माप-अप दिवस 4 सितम्बर 2024 को कृमि नाशक दवा का सेवन कराया जाएगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में बी आर चंद्रवंशी, सुश्री सोनल नागवंशी, राजेश चक्रधारी एवं महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा।

जंगलपुर में तीरंदाजी खिलाड़ियों ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

राजनांदगांव (दावा)। मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव द्वारा शास.उ.मा. शाला जंगलपुर के खेल मैदान में किया गया। विदित हो कि उक्त खेल मैदान में ग्राम पंचायत जंगलपुर सहित आश्रित ग्रामों के बच्चे तीरंदाजी का प्रशिक्षण विगत 6 माह से कर रहे हैं। वर्तमान में जंगलपुर में एनआईएस कोच राहुल साहू, कुशल रजक सहित सीनियर खिलाड़ी भूपेन्द्र सिन्हा तीरंदाजी खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। तीरंदाजी कोच राहुल साहू ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव द्वारा विगत 6 माह के अथक प्रशिक्षण का परिणाम है कि ग्राम पंचायत के बच्चे ब्लॉक, जिला, संभाग में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता बनकर अब स्कूल गेम्स के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 7 तीरंदाजी खिलाड़ी चयनित हुए हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य डोंगरगांव मनीष साहू, अध्यक्षता सरपंच जंगलपुर घनश्याम साहू, विशिष्ट अतिथि शा.उ.मा.शाला जंगलपुर के शाला विकास समिति के अध्यक्ष चन्दूलाल साहू सहित सरपंच बनभेड़ी कृष्णाराम साहू, पूर्व सरपंच जंगलपुर जानीवाकर साहू, दूधेलाल चंद्रवंशी बनभेड़ी, भूपेन्द्र कुमार साहू जंगलपुर उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष साहू ने कहा कि ग्राम के तीरंदाजी खिलाड़ी का खेल देखकर बहुत प्रभावित हुआ हूँ। तीरंदाजी खिलाड़ियों के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु शासन स्तर सहयोग के लिए प्रयासरत रहूंगा।

विशिष्ट अतिथि सरपंच जंगलपुर घनश्याम साहू ने कहा कि ग्राम पंचायत जंगलपुर के लिए गर्व की बात है कि ग्राम के बच्चे राज्य स्तरीय स्पर्धा तक पहुंचे हैं। इनकी खेल प्रतिभा एवं गहन प्रशिक्षण को देखते हुए निश्चित ही राष्ट्रीय स्तर के खेल के लिए चयनित होने की आशा करते हैं। शाला विकास समिति के अध्यक्ष चन्दूलाल साहू बच्चों की खेल प्रतिभा से प्रभावित होकर तत्काल 11 सौ रूपए सभी खिलाड़ियों के लिए सम्मान राशि की घोषणा की। साथ ही कहा कि शाला स्तर सहित ग्राम स्तर पर आपसी सहयोग से बच्चों के खेल प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की कमी न रहे इसका ख्याल रखेंगे। समय-समय में आवश्यकतानुसार ग्राम स्तर पर प्रोत्साहन व सहयोग प्रदान करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन समय-समय पर होते रहने से ग्रामवासियों को भी तीरंदाजी खेल की जानकारी होगी। जिससे अधिक से अधिक बच्चे तीरंदाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर सके। पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को पौधा भेंट कर सम्मान किया गया।

0 मात्र 6 माह की कड़ी मेहनत से 7 तीरंदाज पहुंचे राज्य स्तरीय स्कूल गेम्स में
0 ग्राम प्रमुखों ने खेल सामग्री उपलब्ध कराने लिया संकल्प

छ.ग. के पूर्व सीनियर मेडलिस्ट खिलाड़ियों दिया मार्गदर्शन

विदित हो कि कुछ माह पूर्व संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव की पहल पर छत्तीसगढ़ के सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर मेडलिस्ट खिलाड़ी जो कि वर्तमान में खेल प्रतिभा के दम पर अलग-अलग क्षेत्र में नौकरी करते हुए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं उन्हें ग्राम जंगलपुर आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने खेल की बारीकियों की जानकारी के साथ-साथ आवश्यक व्यायाम एवं तीरंदाजी शूटिंग के बारीकियों को सिखाया था।

केन्द्र क्रमांक 6 में सदस्यता अभियान के तहत बैठक संपन्न हुई

डोंगरगढ़(दावा)। वार्ड नं 10 में शक्ति केन्द्र क्रमांक 6 में सदस्यता अभियान की संपन्न हुई। बैठक में सदस्यता प्रमुख महेन्द्र भाई पटेल, प्रभारी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, वशीम मलिक, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, खोरबहरा सिन्हा, रामकुमार डड़सेना संयोजक रमन डोंगरे सह संयोजक अंचला सिंह ठाकुर, चारों बुथ अध्यक्ष, पार्षद अनिता, सुरेश मरकाम, लोकेश इंदुरकर जितु हिरवानी, गिरीश साहू, युवा मोर्चा महामंत्री अमित बोस, संतोष बेहकार, सावन, अंकित सभी शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। सदस्यता प्रभारी महेन्द्र भाई पटेल एवं शक्तिकेन्द्र प्रभारी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने उपस्थित सभी सदस्यों को पार्टी का गाइड लाइन समझाया हर बूथ में कम से कम 200 सदस्य बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए एवं 50 सदस्यों से अधिक सदस्य बनाने वाले को सक्रिय सदस्य बनाने की बात से अवगत कराया।

पहला कॉलम...

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच जारी टेस्ट सीरीज हुआ रद्द

नई दिल्ली। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच जारी टेस्ट सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच का पहला दिन बारिश के चलते धुल गया। रावलपिंडी में भारी बारिश की वजह से दूसरे टेस्ट मैच का टॉस तक नहीं हो सका। इससे पाकिस्तान की टीम की मुश्किलें और बढ़ गई है, क्योंकि पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश ने जीत हासिल कर सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। दरअसल, रावलपिंडी में पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट का पहले दिन का खेल बारिश की वजह से नहीं हो सका। रावलपिंडी में मौसम काफी खराब था। लंच ब्रेक तक मौसम के साफ होने का इंतजार किया गया, लेकिन लगातार बारिश होने के बाद मैच अधिकारियों ने पहले दिन का खेल रद्द करने का फैसला लिया। पाकिस्तान की टीम बांग्लादेश से टेस्ट सीरीज में 0-1 से पीछे चल रही है और अब उसके पास वापसी के लिए सिर्फ चार ही दिन बचे हैं।

शेयर बाजार में तेजी जारी

नई दिली। अगस्त महीने का आखिरी कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार ऑलटाइम हाई पर क्लोज हुआ है. बैंकिंग, फार्मा और हेल्थकेयर स्टॉक्स में खरीदारी के चलते बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली है. इस शानदार तेजी के बाद बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप भी 464.40 लाख करोड़ रुपये के ऑलटाइम हाई पर क्लोज हुआ है. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 231 अंकों के उछाल के साथ 82,366 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 84 अंकों की तेजी के साथ 25,236 अंकों पर क्लोज हुआ है. आज के कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में 23 स्टॉक्स तेजी के साथ और 7 गिरकर बंद हुए. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 37 शेयर तेजी के साथ 13 गिरकर बंद हुआ है. चढ़ने वाले स्टॉक्स में बजाज फाइनेंस 2.02 फीसदी, एनपीटीसी 1.91 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.91 फीसदी, एनटीपीसी 1.88 फीसदी, बजाज फिनसर्व 1.46 फीसदी, सन फार्मा 1.35 फीसदी, और भारती एयरटेल 1.30 फीसदी के उछाल के साथ क्लोज हुआ है. गिरने वाले शेयर्स में टाटा मोटर्स 0.92 फीसदी, रिलायंस 0.69 फीसदी, आईटीसी 0.61 फीसदी, टेक महिंद्रा 0.51 फईसदी, एचडीएफसी बैंक 0.34 फीसदी, नेस्ले 0.28 फीसदी, मारुति 0.24 फीसदी, एचसीएल टेक 0.17 फीसदी, टाटा स्टील 0.13 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है.

जापान में शानशान तूफान ने मचाई तबाही

नई दिल्ली। जापान में 'शानशान' तूफान ने तबाही मचा दी है. तेज हवा और बारिश की वजह से लैंडस्लाइड भी हुआ है. इसमें अभी तक कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हैं. खतरे को देखते हुए 50 लाख से ज्यादा लोगों को घर खाली कर सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया है, क्योंकि यह चक्रवात 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है. सरकार ने खतरे वालों क्षेत्र में अलर्ट जारी किया है. हवाई और रेल यातायात बंद कर दिया गया है. कई इलाकों में 2.5 लाख से अधिक घरों की बिजली गुल हो गई. जापान की मौसम एजेंसी ने बताया कि तूफान के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप क्यूशू में पहुंचने के कारण फैक्ट्रियां बंद कर दी गई हैं और सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गई हैं. तूफान की गति 250 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई है. कुछ क्षेत्रों में पहले ही 700 मिमी से अधिक बारिश हो चुकी है, जो लंदन में एक पूरे वर्ष में होने वाली बारिश के बराबर है. कारें पलट गई हैं और पेड़ उखड़ गए हैं, जबकि 2.5 लाख लोग बिना बिजली के रह रहे हैं.

विस्तारा की बुकिंग 3 सितंबर तक

नई दिल्ली। अगर आप टाटा ग्रुप की विस्तारा एयरलाइंस से सफर करना पसंद करते हैं, तो आप सिर्फ 11 नवंबर, 2024 तक की ही फ्लाइट्स बुक कर पाएंगे। एयरलाइन के मुताबिक, अगले महीने की शुरुआत से यात्री 12 नवंबर या उसके बाद के लिए विस्तारा का टिकट नहीं बुक कर पाएंगे। 11 नवंबर के बाद से सभी विस्तारा प्लेन को एयर इंडिया ऑपरेट करेगा। विस्तारा प्लेन के लिए बुकिंग एयर इंडिया की वेबसाइट पर रीडायरेक्ट की जाएगी। सरकार ने टाटा ग्रुप की एयर इंडिया और विस्तारा के बीच मर्जर की आखिरी अड़चन को भी दूर कर दिया। दरअसल, सिंगापुर एयरलाइंस को एयर इंडिया के साथ विस्तारा के प्रस्तावित मर्जर के हिस्से के रूप में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट के लिए सरकार से मंजूरी मिल गई। विस्तारा का संचालन टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस मिलकर करते हैं। अब विस्तारा और एयर इंडिया का मर्जर इस साल के आखिर तक पूरा हो जाने की उम्मीद है। विस्तारा और एयर इंडिया के मर्जर का एलान नवंबर 2022 में हुआ था। एयर इंडिया का मालिकाना हक भी टाटा ग्रुप के ही पास है। वहीं, विस्तारा में फिलहाल टाटा ग्रुप की हिस्सेदारी 51 फीसदी और सिंगापुर एयरलाइंस की 49 फीसदी है।

भारत को मिला पहला गोल्ड मेडल, अवनी लेखरा ने पैरालंपिक्स में अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर रचा इतिहास

नई दिल्ली। भारत की अवनी लेखरा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत लिया है. अवनी ने फाइनल राउंड में 249.7 का स्कोर करके स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है. उनके अलावा भारत की मोना अगरवाल ने भी ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है. अवनी की यह जीत ऐतिहासिक भी है क्योंकि उन्होंने नया पैरालंपिक रिकॉर्ड कायम कर दिया है.

अवनी लेखरा और दक्षिण कोरिया की युनरी ली के बीच आखिरी शॉट तक बेहद कड़ी टक्कर देखने को मिली. आखिरी शॉट तक भारत की अवनी सिल्वर मेडल पोजीशन बनी हुई थीं, लेकिन अपने आखिरी शॉट पर भारत की शूटर ने 10.5 का स्कोर किया. वहीं कोरियाई निशानेबाज से आखिरी शॉट पर चूक हो गई, जिनका आखिरी शॉट पर स्कोर केवल 6.8 रहा. इस कारण कोरियाई शूटर अंत में 246.8 के स्कोर तक पहुंच पाईं.

अवनी लेखरा ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा

अवनी लेखरा टोक्यो पैरालंपिक्स में महज 19 साल की उम्र में भाग लेने पहुंची थीं. वहां उन्होंने फाइनल में 249.6 का स्कोर करके गोल्ड मेडल जीता और नया पैरालंपिक रिकॉर्ड कायम किया था. अब पेरिस पैरालंपिक्स में अवनी ने अपने ही रिकॉर्ड को बेहतर करके 249.7 का स्कोर करके ऐतिहासिक कारनामा कर दिया है. पिछली बार यानी टोक्यो पैरालंपिक्स की सिल्वर मेडल विजेता यानी चीन की कुइपिंग झांग इस बार आखिरी स्थान पर रहीं.

अवनी लेखरा अब लगातार दो पैरालंपिक खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय शूटर बन गई हैं. उनसे पहले आज तक भारत का कोई शूटर ऐसा नहीं कर पाया है, जिसने लगातार 2 पैरालंपिक्स में गोल्ड मेडल जीता हो. पैरालंपिक्स 2024 में अवनी लेखरा की चुनौती अभी समाप्त नहीं हुई है क्योंकि वो महिलाओं की 50मीटर राइफल 3 पोजीशन में भी पदक के लिए दावेदारी पेश करेंगी. इस प्रतियोगिता में अवनी ने पिछली बार ब्रॉन्ज मेडल जीता था, लेकिन इस बार वो अपने पदक का रंग बदलना चाहेंगी.

शूटर मोना ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



पेरिस पैरालंपिक में भारतीय शूटरों का जलवा जारी है. अवनी लेखरा के बाद मोना अग्रवाल ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया है. मोना अग्रवाल ने 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग स्॥ में ब्रॉन्ज मेडल जीता. इससे पहले भारतीय शूटर अवनी लेखना पर गोल्ड मेडल जीता था. पैरा शूटर मोना अग्रवाल ने 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में 228.7 का स्कोर बनाया. इस तरह वह तीसरे स्थान पर रहीं. दरअसल, 37 वर्षीय पैरा शूटर मोना अग्रवाल ने पेरिस पैरालंपिक में तीन पदक स्पर्धाओं में दावेदारी पेश कर रही हैं. दरअसल, आंकड़ें बताते हैं कि इंटरनेशनल टूर्नामेंट्स में मोना अग्रवाल ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया है. वहीं, अब पेरिस पैरालंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है.

इससे पहले भारतीय शूटर अवनी लेखरा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग स्॥ स्पर्धा में भारत को गोल्ड मेडल दिलाया. आज पेरिस पैरालंपिक का दूसरा दिन है. बहरहाल, इस तरह भारतीय पैरा एथलीटों ने शानदार अंदाजमें आगाज किया है. बताते चलें कि टोक्यो पैरालंपिक में पैरा शूटर अवनि लेखरा ने 1 गोल्ड मेडल के अलावा कुल 2 मेडल पर कब्जा जमाया था.

मुचोवा ने दो बार की विजेता ओसाका को दूसरे दौर में किया बाहर

न्यूयॉर्क । चेक खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा ने दो बार की चैंपियन नाओमी ओसाका के यूएस ओपन अभियान को दूसरे दौर में 6-3, 7-6(5) से जीत के साथ समाप्त कर दिया और तीसरे दौर में पहुंच गईं।

मुचोवा की प्रतिद्वंद्वी 38वें नंबर की अनस्तासिया पोटापोवा हैं, जिन्होंने पहले दौर में 2021 यूएस ओपन फाइनलिस्ट लेयला फर्नांडीज को हराया, साथ ही दूसरे दौर में 199वें नंबर की अमेरिकी वरवारा लेपचेंको को हराया।

ओसाका ने अपने विशिष्ट फॉर्म के साथ मैच की शुरुआत की और आसानी से सर्विस बरकरार रखी। मुचोवा ने अपनी पहली ही सर्व के पीछे नेट पर आक्रमण किया। ओसाका को पहला ब्रेक मौका तीसरे गेम में मिला जब उसकी प्रतिद्वंद्वी 1-2 पर सर्विस कर रही थी। वह कन्वर्ट करने में कामयाब नहीं हुई, लेकिन उसने अपना अगला सर्विस गेम लव में जीत लिया। पहले सेट के बीच में, जब ओसाका 3-3 पर सर्विस कर रही थी, मुचोवा ने एक सफल नेट चार्ज और उसके बाद एक आश्चर्यजनक ड्रॉप शॉट मारकर उसकी सर्विस तोड़ दी। उस गति को आगे बढ़ाते हुए, मुचोवा ने तुरंत सर्विस बरकरार रखी और 5-3 से आगे हो गई। ओसाका की सर्विस दोबारा तोड़कर मुचोवा ने 6-3 से सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट की शुरुआत में, मुचोवा ने अपने 10 नेट पॉइंट में से सात जीते, 15 विनर और छह एस लगाए। 3-3 से बराबरी पर, ओसाका के आँकड़े ठोस थे, केवल तीन नेट अंक (छह में से) जीते , नौ विनर और चार एस लगाए।

विनेश फोगाट ने स्वर्ण मंदिर में शक्ति, साहस के लिए प्रार्थना की

अमृतसर। ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट, जिन्हें पेरिस खेलों में 50 किग्रा के फाइनल मैच से अयोग्य घोषित कर दिया गया था, ने शुक्रवार को स्वर्ण मंदिर के नाम से मशहूर सिखों के सबसे पवित्र स्थल हरमंदिर साहिब का दौरा किया और कहा कि उन्होंने ताकत और साहस के लिए प्रार्थना की। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि यहां आकर उन्हें अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा, मैं एक सकारात्मक ऊर्जा महसूस कर रही हूं। मैंने वाहेगुरु से मुझे शक्ति और साहस देने की प्रार्थना की। हमारे सभी प्रियजन स्वस्थ रहें, हमारा देश सुरक्षित रहे और प्रगति करता रहे। मैंने वाहेगुरु से हमारा मार्गदर्शन करने और मानवता के लिए सही दिशा में काम करने में मदद करने का आशीर्वाद मांगा है।

वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने बढ़ाया भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान

नई दिल्ली। अमेरिकी रेटिंग एजेंसी मूडीज की ओर से 2024 के लिए भारत की जीडीपी विकास दर अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कि पहले 6.8 प्रतिशत था। विकास दर अनुमान में बढ़ोतरी की वजह देश में निजी खपत का तेजी से बढ़ना है। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी ने कहा, देश में महंगाई में कमी आने के चलते पारिवारिक खपत में बढ़ोतरी हो रही है।

सामान्य से अच्छा मानसून रहने के कारण अच्छी फसल होने की उम्मीद है, जिसके कारण ग्रामीण मांग वापस लौट रही है। आगे कहा कि इस अनुमान में हमने माना है कि आगे मजबूत वृद्धि दर देखने को मिलेगी। मूडीज का यह अनुमान आरबीआई के अनुमान के बराबर है। केंद्रीय बैंक के अनुमान के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। इसकी वजह देश में ग्रामीण और शहरी मांग में बढ़ोतरी होना है। आरबीआई की ओर से वृद्धि दर अनुमान के दौरान बताया गया था कि देश में मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे कृषि क्षेत्र में मजबूत ग्रोथ देखने को मिल सकती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आय बढ़ेगी और इसका असर विकास दर पर होगा। मूडीज द्वारा 2025 के लिए विकास दर अनुमान को भी 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया गया है। मूडीज ने आगे कहा कि भारत की मध्यम से लंबी अवधि की वृद्धि दर देश में श्रम के पर्याप्त पूल पर निर्भर करती है। मौजूदा माहौल में देश आराम से 6 से 7 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर हासिल कर सकता है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत की आर्थिक स्थिति पिछले कुछ वर्षों में काफी मजबूत हुई है। इसकी वजह चालू खाते घाटे को कम करना है। मूडीज का मानना है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की गति आने वाले समय में धीमी हो सकती है।

लखनऊ फाल्कन्स ने तोड़ा हार का सिलसिला, गोरखपुर को रौंदकर दर्ज की पहली जीत

लखनऊ। यूपी टी-20 क्रिकेट लीग में लखनऊ फाल्कंस ने हार का सिलसिला आखिरकार तोड़ दिया है। गुरुवार को सीजन के अपने तीसरे मैच में लखनऊ फाल्कंस ने गोरखपुर लायंस को 33 रनों से पराजित कर पहली जीत हासिल की। लखनऊ ने निर्धारित 20 ओवरों में 172 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। कृतज्ञ सिंह ने 69 रनों (31 गेंद, 3 चौके, 7 छक्के) की ताबड़तोड़ पारी खेली और मैन ऑफ द मैच बने। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए, उतरी गोरखपुर लायंस उस समय संकट में पड़ गई जब पहले तीन विकेट मात्र 17 रनों के स्कोर पर गिर गए।

सलामी बल्लेबाज अभिषेक गोस्वामी खाता नहीं खोल पाए जबकि ध्रुव जुरेल भी महज एक रन बनाकर चलते बने। मुश्किलें तब और बढ़ गईं, जब अक्शदीप नाथ भी 12 रन बनाकर आउट हो गए।इंपैक्ट प्लेयर के रूप में बल्लेबाजी करने उतरे आयुष जुयाल 60 रन (44 गेंद, 5 चौके, 2 छक्के) और सिद्धार्थ यादव ने 39 रन की पारी खेलकर टीम के लिए 100 रनों की साझेदारी की और पूरी टीम 18.1 ओवर में 139 रनों पर आउट हो गई।

लखनऊ के लिए विप्राज निगम ने 19 रन देकर पांच जबकि अभिनंदन सिंह ने 30 रन देकर तीन विकेट लिए। लखनऊ के बल्लेबाजों ने खिली धूप में बल्लेबाजी का लुत्फ उठाया और रनों के सूखे को खत्म किया। कृतज्ञ के अलावा सलामी बल्लेबाज अभय प्रताप ने 27, प्रियम गर्ग ने 23 और समीर चौधरी ने भी 26 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। गोरखपुर के अंकित राजपूत और विजय यादव ने दो-दो जबकि शिवम ने एक विकेट लिया।

फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम घोषित

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को 2026 फीफा विश्व कप के लिए सॉकरोस के तीसरे दौर के क्वालीफाइंग मैचों के लिए 24 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की।

कोच ग्राहम अर्नोल्ड ने बहरीन और इंडोनेशिया के खिलाफ सितंबर के विश्व कप क्वालीफायर के लिए एक विस्तारित टीम की घोषणा की, जिसमें कई प्रमुख खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के लिए चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं। 5 सितंबर को गोल्ड कोस्ट में बहरीन और 10 सितंबर को जकार्ता में इंडोनेशिया के खिलाफ मैच 2026 विश्व कप के लिए एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) क्वालीफाइंग के तीसरे दौर में सॉकरोस के लिए पहला मैच होगा।क्रेग गुडविन ने पसली की चोट से वापसी की है जिसके कारण वह जून में बांग्लादेश और फलस्तीन के खिलाफ जीत से बाहर हो गए थे। 32 वर्षीय अल वेहदा विंगर ने दो बार स्कोर किया था और सऊदी प्रो लीग सीज़न के पहले दो मैचों में सहायता प्रदान की थी।कप्तान और पहली पसंद के गोलकीपर मैट रयान, जिन्होंने जुलाई में इतालवी टीम रोमा के साथ अनुबंध किया था, जून में आराम करने के बाद टीम में लौट आए। डिफेंडर लुईस मिलर और मिडफील्डर एडेन ओनील (दोनों यूरोप में रहते हैं) को चोट के कारण जून के मुकाबलों से चूकने के बाद चुना गया है।

18 वर्षीय उभरते सितारे नेस्टोरी इरनकुंज ने बायर्न म्यूनिख के साथ मध्य सप्ताह के प्रशिक्षण के दौरान लगी चोट पर काबू पा लिया है और उन्हें टीम में शामिल किया गया है।

अर्नोल्ड ने एक बयान में कहा कि सॉकरोस के लिए तीसरे दौर के क्वालीफाइंग चरण की जोरदार शुरुआत करना बेहद महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा, तीसरे दौर की शुरुआत में दो सकारात्मक नतीजे न केवल समूह के भीतर विश्वास पैदा करते हैं बल्कि हमें बड़ी गति देते हैं क्योंकि हम लगातार तीन विंडो में आगे बढ़ते हैं। हमारे पास ऐसे खिलाड़ियों का एक अच्छा मिश्रण है जो पहले क्वालीफिकेशन के इस चरण से गुजर चुके हैं और हमारी टीम के कुछ युवा सदस्यों के लिए नेतृत्व कर सकते हैं, उनका अनुभव इस पूरी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बहरीन और इंडोनेशिया के अलावा, एएफसी तीसरे दौर के क्वालीफाइंग के ग्रुप सी में सॉकरोस को चीन, जापान और सऊदी अरब के खिलाफ रखा गया है।

प्रथम पेज का शेष

पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर...

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि केंद्रीय खाद्य सचिव ने शुक्रवार को राज्य खाद्य सचिवों और एफसीआई के साथ बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें आगामी खरीफ विपणन सीजन (केएमएस) 2024-25 में फसलों की खरीद की व्यवस्था पर चर्चा की गई।

शरद पवार ने जेड प्लस सुरक्षा...

जेड प्लस सिक्योरिटी देने का फैसला किया है और मैं उनमें से एक हूं. उन्होंने तंज कसते हुए कहा था, ''चुनाव नजदीक आ रहे हैं, इसलिए यह मेरे बारे में प्रामाणिक जानकारी हासिल करने का जरिया हो सकता है.'' बता दें कि महाराष्ट्र में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं.

कोयला घोटाला मामला...

रजनीकांत गुरुवार शाम जांच एजेंसी के सामने पेश हुआ। पूछताछ करने के बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। आबकारी अधिकारियों का दूसरे दिन बयान दर्ज- शराब घोटाला मामले में दूसरे दिन ईओडब्ल्यू ने आबकारी अधिकारियों से पूछताछ की। उनके बयान दर्ज करवाए गए हैं। जेल में बंद आरोपितों की भूमिका के बारे में भी पूछताछ चल रही है। बयान के बाद शराब मामले में गिरफ्तार हो सकती है।

सितंबर में शुरू होगा बीजेपी ...

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि हमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता होने का गौरव अनुभव होना चाहिए। आज पूरी दुनिया में वैचारिक आंदोलन चल रहा है और इसके साथ-साथ भाजपा का सदस्यता अभियान भी चलेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी शामिल हुए।

पीएम मोदी ने वाधवन पोर्ट...

विपक्ष के पास राजनीति करने के लिए अन्य मुद्दे भी हैं, लेकिन महाराष्ट्र में पूजनीय शिवाजी महाराज को इससे दूर रखा जाना चाहिए. उधर, सिंधुदुर्ग जिले में हाल ही में मूर्ति गिरने की घटना के कारण पैदा हुई गर्मागर्मी के बीच राज्य सरकार ने हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए एक तकनीकी समिति गठित की है.

0 संजय राउत ने किया था आंदोलन का ऐलान- उधर, उद्धव ठाकरे की शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने महायुति सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर आंदोलन की घोषणा की है. पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय राउत ने ऐलान किया है कि रविवार से सरकार को जूते मारो आंदोलन शुरू किया जाएगा. संजय राउत ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा विवाद को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा, वो प्रतिमा हमारे लिए सिर्फ एक स्टैच्यू नहीं, बल्कि भगवान की मूर्ति है. इन लोगों ने हमारे भगवान की मूर्ति में भी भ्रष्टाचार कर दिया है. हम इसे सहन नहीं करेंगे और रविवार से सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे.

0 महायुति सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान- राउत का यह बयान उस समय आया है जब महाराष्ट्र में महायुति सरकार के खिलाफ विपक्ष की नाराजगी और गुस्सा बढ़ता जा रहा है. शिवाजी महाराज की प्रतिमा में कथित भ्रष्टाचार को लेकर जनता के बीच भी नाराजगी है, जिसे लेकर उद्धव सेना ने सरकार के खिलाफ इस आंदोलन का ऐलान किया है. राउत ने आगे कहा कि यह आंदोलन सरकार की भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ है और इसे पूरे महाराष्ट्र में व्यापक समर्थन मिलने की उम्मीद है.

0 शुक्रवार को हुई मामले में पहली गिरफ्तारी- बता दें कि महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने के मामले में शुक्रवार को पहली गिरफ्तारी हुई है. कोल्हापुर से स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट को गिरफ्तार किया गया है. कोल्हापुर क्राइम ब्रांच ने सिंधुदुर्ग केस में शुक्रवार तड़के तीन बजे के आसपास स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट चेतन पाटिल को गिरफ्तार किया. पाटिल को मालवन पुलिस के साथ ज्वॉइंट ऑपरेशन के तहत गिरफ्तार किया गया. इसके बाद कोल्हापुर पुलिस ने आरोपी को मालवन पुलिस को सौंप दिया. पुलिस ने इससे पहले एफआईआर में कॉन्ट्रैक्टर और आर्किटेक्ट जयदीप आप्टे और स्ट्रक्चरल कंसलटेंट चेतन पाटिल को आरोपी बनाया था. एफआईआर में जयदीप आप्टे और स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट चेतन पाटिल पर लापरवाही और प्रतिमा के आसपास के लोगों को संभावित रूप से नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है. 0 कब हुआ था प्रतिमा का अनावरण?- सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण 4 दिसंबर, 2023 को किया गया था, जब सिंधुदुर्ग में पहली बार नौसेना दिवस समारोह का आयोजन किया गया था. प्रतिमा का मकसद मराठा नौसेना की विरासत और छत्रपति शिवाजी महाराज के समुद्री रक्षा और सुरक्षा में योगदान के साथ-साथ आधुनिक भारतीय नौसेना के साथ इसके ऐतिहासिक संबंध का सम्मान करना था. इस प्रोजेक्ट का कॉन्सेप्ट और नेतृत्व इंडियन नेवी ने राज्य सरकार के सहयोग से किया था. सरकार ने प्रोजेक्ट के लिए फंड मुहैया करवाया था.

डूरंड कप 2024 फाइनल- मोहन बागान सुपर जाइंट्स और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को बीच होगी खिताबी भिड़ंत

कोलकाता। 133वें इंडियन ऑयल डूरंड कप 2024 का फाइनल मैच शनिवार को कोलकाता स्थित विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में खेला जाएगा। गत वर्ष के चैंपियन मोहन बागान सुपर जाइंट्स का सामना फाइनल में शानदार फॉर्म में चल रहे नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से होगा। गत चैंपियन ने अपने दोनों नॉकआउट मैचों में पंजाब एफसी और बेंगलुरू एफसी द्वारा कड़ी चुनौती का सामना किया और पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की। अब उन्हें एक ऐसे नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ खेलना होगा, जो पूरे टूर्नामेंट में बहुत ही शानदार रहा है। इसने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में भारतीय आर्मी को 2-0 और शिलांग लाजोंग को 3-0 से हराया। मोहन बागान को उनके उनके प्रशंसकों का समर्थन मिलेगा। हेड कोच जोस मोलीना ने कल के मैच में अपनी टीम के लिए घरेलू लाभ पर चर्चा की, मुझे लगता है कि घरेलू समर्थन होना वास्तव में अच्छा है, लेकिन मैदान पर दोनों टीमों के बीच ग्यारह खिलाड़ी ग्यारह खिलाड़ियों का सामना करेंगे। घरेलू टीम के रूप में दबाव रहेगा, लेकिन खिलाड़ी इस दबाव को संभालने के लिए काफी अनुभवी हैं। मोहन बागान के स्टार फॉरवर्ड, ग्रेग स्टीवर्ट ने कहा, मुझे लगता है कि घरेलू दर्शकों के सामने खेलना थोड़ा दबाव डालता है। क्योंकि यह एकजीवन-मरण का मैच है। कल एक बहुत ही अच्छी नॉर्थईस्ट टीम के खिलाफ मुकाबला होने वाला है।

भाविना और सोनल को लगा झटका, कोरियाई जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में 1-3 से हराया

पेरिस। भारत के लिए पैरालंपिक का दूसरा दिन मिला-जुला रहा। एक तरफ भारतीय एथलीट्स ने चार पदक जीते तो दूसरी तरफ भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविनाबेन पटेल और सोनलबेन पटेल को तगड़ा झटका लगा। शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक में महिला युगल डब्ल्यूडी 10 वर्ग में ए यंग जंग और संध्या मून के खिलाफ उन्हें क्वार्टर फाइनल में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। अब एकल स्पर्धा में लेंगी भाग

आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को 39 मिनट तक चले मुकाबले में 5-11 6-11 11-9 6-11 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भाविना और टोक्यो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता सोनलबेन अब अपने-अपने एकल स्पर्धा में भाग लेंगी।

2021 में भावना ने जीता था पदक

भावना 2021 में टोक्यो खेलों के दौरान पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं थी। वह 12 महीने की उम्र में पोलियो से ग्रसित हो गयी थी। भाविना क्लास 4 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। भाविना की तरह सोनल भी छह महीने की उम्र में पोलियो से ग्रसित हो गयी थी। इससे उनके दोनों पैर और दाएं हाथ में विकार हो गया था। वह 90 प्रतिशत दिव्यांगता वाले क्लास तीन वर्ग में खेलती है।

पैरालंपिक में टेबल टेनिस में 11 वर्ग होते है। इसमें पांच बैठकर और छह खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करने वाले मुकाबले है। टेटे एक से पांच व्हीलचेयर पर बैठ कर, टेटे छह से 10 खड़े होकर और टेटे 11 बौद्धिक अक्षमता वाले खिलाड़ियों के लिए होता है।

शासकीय महाविद्यालय अम्बागढ़ चौकी में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

अंबागढ़ चौकी (दावा)। शासकीय लाल चक्रधर शाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बागढ़ चौंकी में 29 अगस्त को देश के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर वरिष्ठ प्रध्यापक जे.आर.परतेती ने अपने उद्बोधन में वर्तमान में ओलंपिक और पैरा ओलंपिक जैसे खेल और के बारे में बताया और खेल हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण है शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास के संदर्भ में प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन मोरध्वज सोनवानी क्रीडाधिकारी द्वारा किया गया एवं उन्होंने खेल को लेकर लोगों की मानसिकता एवं जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने हेतु उचित कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि उनके मार्गदर्शन में अम्बागढ़ चौंकी कॉलेज की कई छात्र-छात्राएं अंतर विश्वविद्यालयीन एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। एवं प्रतिदिन विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण अभ्यास महाविद्यालय में होता है।

इस आयोजन में सबसे पहले एरोबिक्स एक्सरसाइज किया गया जो की एरोबिक्स एक्सरसाइज के एक्सपर्ट् हमीर चंद्रवंशी एवं अतिथि क्रीडाअधिकारी चिल्हाटी महाविद्यालय रामेश्वरी माहला के द्वारा कराया गया उसके पश्चात लंबी कूद, कबड्डी प्रतियोगिता, रस्साकशी महिला एवं पुरुष वर्ग में कराया गया। विजेताओं को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के. आर. मंडावी के निर्देशन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्रध्यापकगण निरेश कुमार कुर्रे, ए.एल. चन्द्रभाष, जेपी सूर्यवंशी, मेमन साहू,ओपी राणा, चंद्रेश साहू, सुमित्रा सोनवानी, धणेश कुमार बंजारे, वजाहत सिद्दीकी, कौशल प्रसाद, सावन परतेती इत्यादि स्टाफ उपस्थित रहे।

उत्तमचंद नाहटा बने शास.उच्च.माध्य.शाला खुज्जी के अध्यक्ष

खुज्जी (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य उत्तमचंद नाहटा को शास.उच्च.माध्य.शाला खुज्जी के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का अध्यक्ष मनोनित किया गया है। विगत 13 अगस्त को प्रभारी मंत्री के द्वारा जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के अध्यक्षों की सूची जारी की गई थी।

सूची प्राप्त होते ही श्री नाहटा जी को शाला में आमंत्रित कर उनका औपचारिक स्वागत किया गया। दिनांक 29 अगस्त 2024 को उनकी अध्यक्षता में समिति की प्रथम बैठक आयोजित हुई जिसमे अध्यक्ष की अनुशंसा पर अन्य सदस्यों का मनोनयन कर समिति के गठन को अन्तिम रूप दिया गया। समिति में एसटी संवर्ग से पूर्व सरपंच श्रीमती पुष्पा मंडावी, एससी से अशोक मालेकर, अल्पसंख्यक समुदाय से नूरुद्दीन मौलवी को सदस्य मनोनित किया गया है। अन्य सदस्यों में पूर्व अध्यक्ष श्री राधेश्याम कमरिया, मुरली प्रसाद यादव, टेकराम निषाद, शोभित राम साहू छबूलाल वर्मा, एवं राजीव गिरी आदि लोगों को अध्यक्ष की अनुशंसा पर समिति का सदस्य मनोनित किया गया है। प्रथम बैठक में समिति को शाला की आवश्यकताओं एवं कुछ अधूरे पड़े कार्यों से अवगत कराया गया। जिसमें 200 मीटर बाउंड्री वॉल अधूरा है। आरएमएसए से निर्मित प्रयोगशाला भवन का छत जर्जर हो रहा है, प्लास्टर गिरने लगा है। सायकल स्टैंड का शेड टूट गया है तथा नए शेड की भी और आवश्यकता है। इन कार्यों के लिए हर सम्भव प्रयास करने का आश्वासन समिति ने दिया।

पालक अपने बच्चों के पढ़ाई के प्रति सजग रहे

कछूबंजारी (दावा)। गत दिनों छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार कछूबंजारी संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक मेगा बैठक नोडल अधिकारी तहसीलदार के उपस्थिति में स्थानीय शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के सभा कक्ष में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ हुआ पश्चात जनप्रतिनिधियों एवं तहसीलदार का स्थानीय शाला व संकुल के शिक्षकों ने स्वागत किया। पालक-शिक्षक मेगा बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी के रूप में विशेष रूप से उपस्थित छुरिया के तहसीलदार विजय कुमार कोठारी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों के अलावा बच्चों के पालकों को भी अपने बच्चों के पढ़ाई के प्रति हमेशा सजग रहने की आवश्यकता है। शिक्षक बच्चों के रूचि को चिन्हांकित कर बच्चों को पुस्तकीय शिक्षा के साथ-साथ उनके रूचि के अनुरूप अन्य शिक्षा भी देना सुनिश्चित करें ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

सरपंच डोमेन कुमार पटेल ने कहा कि शिक्षक पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं। पालकों को भी अपने बच्चों के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। पूर्व जनपद सदस्य पुष्पा सिन्हा ने कहा कि जो पालक अपने बच्चों के पढ़ाई के प्रति गंभीर रहते है उनके बच्चों को पढ़ाई करने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होती। माध्यमिक शाला आटरा के नोडल शिक्षक ईश्वर दास मंडावी ने बच्चों को मिलने वाली विशेष शिक्षा संस्थानों के सुविधा के बारे में जानकारी देकर विभिन्न शिक्षा संस्थानों में जाने के लिए आयोजित होने वाले प्रवेश परीक्षा हेतु पूर्व तैयारी कराने की अपेक्षा की। माध्यमिक शाला कछूबंजारी के नोडल शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक शनिवार को आयोजित बैगलेस डे में बच्चों को कराये जाने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं उनके लाभ से अवगत कराया तथा बच्चों को मिलने वाली स्कूल शिक्षा विभाग के विभिन्न योजनाओं के तहत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। ग्राम पटेल राजकुमार पटेल, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य भवन सिंह ठाकुर एवं प्राचार्य गौतरहीन कुंजाम ने अपनी विचार व्यक्त कर शिक्षक एवं पालकों को समन्वय बनाकर बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाने की अपेक्षा की। संचालन संकुल समन्यक मूलचंद मंडावी एवं आभार प्रदर्शन संकुल प्राचार्य गौतरहीन कुंजाम ने किया।

शीला थीजन स्कूल की छात्रा कु. संस्कृति का राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में चयन

राजनांदगांव (दावा)। शहर के ममता नगर गली नं. 5 में स्थित शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी शाला शीला थीज़न मेमोरियल हाई स्कूल की कक्षा 10वी की छात्रा कु. संस्कृति जंघेल का चयन राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता जो कि जांजगिर चांपा में दिनांक 01 सितम्बर से होने जा रहा है के लिये हुआ है।

ज्ञात हो कि कु. संस्कृति जंघेल शाला की खेल प्रतिनिधि है, बचपन से ही उनकी कुश्ती में रूची रही है, वह अपने पिता श्री खुबचंद जंघेल जो की कुश्ती के प्रशिक्षक है से प्रशिक्षण लिया है । छात्रा ने इसके पूर्व जोन लेवल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था । तथा भिन्न भिन्न प्रतियोगिताओं में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर अनेक मेडल प्राप्त किया है। उक्त छात्रा की इस उपलब्धि पर संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टरर्स सेवा. निवृत्त प्राचार्या श्रीमती प्रेम प्रभाराव, सचिव श्रीमान ई. सिद्द, प्राचार्य श्रीवी.पी.राव, अकादमिक प्रभारी डॉ. अभिषिका रेचलराव, प्री प्रायमरी तथा प्रायमरी समन्वयक सुश्री दुलारी वर्मा, मिडिल समन्वयक सुश्री निहारिका मिश्रा, हाई स्कूल समन्वयक एवं कक्षा शिक्षक झमित कुमार साहू, असेम्बली प्रभारी आर.बालाकृष्णन, खेल प्रभारी सुश्री सोनम देवांगन एवं शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। यह जानकारी विज्ञप्ति में शाला के ऑपरेटर बालमुकुन्द नेताम ने दी।

आज अछोली में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

अछोली (दावा)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम अछोली में अंजनीसुत संगठन एवं समस्त ग्रामवासी के साहियोग से राज्य स्तरीय एक दिवासीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पुराना अछोली के गोकुल स्टेडियम में (गौठान) में 31 अगस्त दिन शनिवार को दोपहर 3:00 से किया जा रहा है जिसमें प्रथम पुरस्कार 20001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 15001 तृतीय पुरस्कार 10001 रुपए एवं चतुर्थ पुरस्कार 7001 रखा गया है।

वही प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागीय टीम का प्रवेश शुल्क 401 रुपए रखे गए हैं, जिसमें आयोजन समिति के सदस्य नीतीश साहू योगेश हिरवानी ओम प्रकाश साहू आदि ने राज्य के खिलाड़ी बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

भेड़ीकला में बच्चों को कृमि गोली खिलाई गई

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत भेडीकला में कृमि दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत आंगनबाड़ी, स्कूल के बच्चे 1 वर्ष से 19 वर्ष तक को कृमि की एक गोली खिलाया गया।

कृमि दिवस पर ग्राम पंचायत भेड़ीकला के सरपंच कृष्णा साहू ने बच्चों को कृमि की एक गोली खिलाई. जिससे बच्चों में कुपोषण और खून की कमी दूर होगी और सरपंच द्वारा बच्चों को बिस्किट वितरण किया गया। सरपंच कृष्णा साहू ने बताया कि कृमि से बच्चों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है.कृमि पोषक तत्वों के अवशोषण से अवरोध पैदा करते है, जिसके कारण एनीमिया, कुपोषण मानसिक एवं शरीरिक विकास मे बाधक होते हैं। उन्होंने कहा कि कृमि मुक्ति से रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार एनीमिया में कमी, सीखने की क्षमता एवं कार्य करने की क्षमता में वृद्धि होती है।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के आयोजन

बालोद (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम. के. सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में ''राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम'' का आयोजन 29 अगस्त 2024 को किया जायेगा।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ.जे.के. सिंह ने बताया कि बच्चों तथा किशोर/किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर, एनीमिया के रोकथाम, बौद्धिक विकास तथा शाला में उपस्थिति में सुधार हेतु जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन 29 अगस्त 2024 को किया जावेगा। जिसके अन्तर्गत 1 से 19 वर्षीय बच्चों तथा किशोर/किशोरियों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल 400 मि.ग्रा. की गोली का सेवन उनके स्कूल तथा आंगनबाड़ी केन्द्र में कराया जायेगा तथा छुटे हुए बच्चों को 04 सितम्बर 2024 को मॉपअप दिवस में कृमिनाशक दवा का सेवन कराया जायेगा। मितानिनों द्वारा स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र नहीं जाने वाले 1 से 19 वर्षीय बच्चों एवं किशोर/किशोरियों को नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र पर ले जाकर दवाई का सेवन कराया जायेगा। जिले के कुल लक्षित बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल खिलाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण किया जा चुका है। उक्त राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के साथ- साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग तथा ग्रामीण एवं पंचायत विभाग के विभागीय समन्वय के साथ किया जायेगा।

जिले में 'उल्लास' नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का संचालन

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग, राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देशन में कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण संजय अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में जिले में ''उल्लास'' नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। ''उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम'' के सफल क्रियान्वयन हेतु कुशल प्रशिक्षकों (डे.) का जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिनांक 28 एवं 29 अगस्त 2024 को 10:30 बजे से बी.आर.सी.भवन कौरिन भाटा राजनांदगाँव में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के सफल संचालन व क्रियान्वयन, स्वयंसेवी शिक्षकों को संकुल स्तर पर प्रशिक्षण, विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण हेतु विकासखंड के मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। जिला स्तरीय प्रशिक्षण उपरांत ब्लाक स्तर पर तथा उसके पश्चात स्वयंसेवी शिक्षकों का कक्षा संचालन तथा सीखने सिखाने की नवाचारी गतिविधि पर केन्द्रित प्रशिक्षण ब्लाक/संकुल स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ एवं राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा तैयार की गई उल्लास प्रवेशिका के सभी पाठों के संबंध में जानकारी दी गई, साक्षरता कक्षाओं का संचालन नवाचारी गतिविधियों का प्रयोग करते हुए, डिजिटल साक्षरता, आपदा प्रबंधन, कौशल विकास, वित्तीय साक्षरता, विधिक साक्षरता, चुनावी साक्षरता आदि विषयों की जानकारी दी गई। विकासखंड व संकुल स्तर पर देंगे प्रशिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा तत्पश्चात विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त संकुल समन्वयक के द्वारा संकुल स्तर पर प्रधान पाठक एवं ग्राम प्रभारी को प्रशिक्षण दिया जाएगा ग्राम प्रभारी के द्वारा स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्वयंसेवी शिक्षकों के प्रशिक्षण में ग्राम/वार्ड के सभी स्वयंसेवी शिक्षकों को सम्मिलित कराने हेतु संबंधित विकासखंड शिक्षा कार्यालय निर्देशित किया गया है।

कुशल प्रशिक्षकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

स्वयंसेवी शिक्षकों एवं असाक्षरों का किया गया है चिन्हांकन कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड राजनांदगांव, डोंगरगढ़, छुरिया, डोंगरगांव के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में असाक्षरों का चिन्हांकन एवं उन्हें पढ़ाने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों (टे..) का चिन्हांकन विकासखंड के सभी ग्राम एवं नगरीय क्षेत्र के वार्डों में सर्वे कर किया गया है। असाक्षरों के चिन्हांकन के दौरान प्रति केन्द्र पढ़ाने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन किया गया है।

सभी के लिये शिक्षा है ''उल्लास'' उल्लास नवभारत कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले उन सभी के लिए पढ़ने लिखने के अवसर उपलब्ध कराना है जो किन्हीं कारणों से साक्षरता और संख्या ज्ञान अर्जित नहीं कर पाए। इस संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं की क्रियान्वयन के लिए 01 अप्रैल 2022 से भारत सरकार द्वारा ''उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम'' जिसका लोकप्रिय नाम ''उल्लास'' है प्रारंभ किया गया है जिसमें प्रौढ़ शिक्षा के सभी पक्ष शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा और सतत शिक्षा का विकास है। ''उल्लास'' नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता प्रदान किया जाना है। यह कार्यक्रम जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के माध्यम से जिले में क्रियान्वित किया जा रहा है। प्रशिक्षण सत्र के अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह, नितिन हिरवानी सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी, प्रणिता शर्मा ए.पी.सी. समग्र शिक्षा, आदर्श वासनिक ए.पी.सी. समग्र शिक्षा, मनोज मरकाम ए.पी.सी. समग्र शिक्षा, भगत सिंह ठाकुर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजनांदगांव की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण में राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स श्रीमती कल्पना पटले,श्री रविंद्र सिंह ठाकुर, देवेश कुमार जैन के द्वारा प्रशिक्षण में जिले के समस्त विकासखंड के कुशल प्रशिक्षकों प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

डीपीएस सैनिक स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

राजनांदगांव (दावा)। देहली पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस हर साल 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य नागरिकों के बीच खेल भावना और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना है।

इस दिन की शुरूआत युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा भारतीय एथलीटों के योगदान को पहचानने और हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग के रूप में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला की प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने मेजर ध्यानचंद के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके किया। विद्यालय के छात्रों द्वारा क्रिकेट, स्केटिंग, डॉसबॉल, खो-खो, जलेबी रेस, बोरा दौड़ इत्यादि विभिन्न प्रकार के खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

शाला की प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने कहा कि दुनिया भर में हॉकी के जादूगर के नाम से विख्यात मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। मेजर ध्यानचंद का कथन है कि मेरे देश की जिम्मेदारी नहीं है मुझे आगे बढ़ाने की, ये मेरी जिम्मेदारी है अपने देश को आगे बढ़ाने की। यह कथन हमें देश के प्रति अपने कर्तव्य पथ पर निरन्तर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

ग्राम उपरवाह में पोट्ठ लईका पहल के तहत बच्चों के सुपोषण के प्रति किया गया जागरूक

राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण-2 के ग्राम उपरवाह में कमरछठ त्यौहार से जोड़ते हुए बच्चों के सुपोषण के प्रति नागरिकों को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर कमरछठ त्यौहार में प्रचलित कहानी के माध्यम से कुपोषण को राक्षस बताया गया और कुपोषण से लड़ने के लिए 6 प्रकार के अनाज, 6 प्रकार की भाजी का जिक्र करते हुए हितग्राहियों को सुपोषण के संबंध में समझाया गया। सुपोषण थाली में तिरंगा भोजन के महत्व को बताया गया। इस अवसर पर अरहर, मूंग, उड़द, चना दाल एवं मुनगा, पालक, लाल भाजी, मेथी एवं अन्य फल व पौष्टिक आहार लेने के लिए कहा गया।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के नेतृत्व तथा जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत सभी मितानीन और एएनएम ने भी सहयोग कर 29 अगस्त को आयोजित कृमि दिवस की जानकारी दी।

इस तरह राजनांदगांव ग्रामीण 2 सेक्टर बघेरा केन्द्र नवागांव 1 में पोट्ठ लईका पहल के तहत पालक चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें डायरिया रोकथाम, कृमि मुक्ति के बारे में चर्चा की गई और हाथ धुलाई के 5 चरण का अभ्यास कराया गया।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

महिला स्वावलंबन की नई परिभाषा गढ़ रही है श्रीमती दुरपति साहू

राजनांदगांव(दावा)। कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से बुना गया हर धागा सफलता का एक नया अध्याय रचता है। आज हम बात कर रहे हैं छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले से 12 किलोमीटर दूर स्थित एक छोटे से गांव जोरातराई में रहने वाली श्रीमती दुरपति साहू की, जिन्होंने आत्मनिर्भरता की राह अपनाकर न सिर्फ अपनी बल्कि कई अन्य महिलाओं की तकदीर बदल दी है। तिलई गांव में उनका सिमरन लेडीज टेलर्स नाम से सिलाई सेंटर है, जहां महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देने के साथ ही उन्हें सीधे रोजगार से भी जोड़ा जा रहा है।

मीडिया को स्वावलंबी महिला दुरपति साहू ने बताया कि उन्होंने सिलाई का प्रशिक्षण लेने के बाद 8 साल पहले सिमरन लेडीज टेलर्स सिलाई सेंटर की नींव रखी थी। शुरुआत में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जैसे कि सीमित संसाधन और परिवार की जिम्मेदारियाँ। लेकिन उनके अडिग विश्वास और मेहनत ने उन्हें आगे बढ़ने से नहीं रोका। धीरे-धीरे, उन्होंने सिलाई में महारत हासिल की और अपने कौशल को बढ़ाया।

आज उन्हें न केवल आस-पास के गांवों से बल्कि शहर से भी ऑर्डर मिल रहे हैं, क्योंकि उन्होंने सिलाई की कला में महारत हासिल कर ली है। ग्राहक भी उनकी सिलाई को खूब पसंद कर रहे हैं। उन्होंने गांव की महिलाओं को सिलाई सिखाना शुरू किया, ताकि वे भी आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सक्षम बन सकें। उनके प्रयासों से कई महिलाएं प्रेरित हुईं और उन्होंने भी सिलाई का काम शुरू कर दिया। वर्तमान में 05 महिलाएं सिलाई सीख रही हैं तथा 07 प्रशिक्षित महिलाएं आर्थिक लाभ लेकर अपने परिवार की मदद कर रही हैं।

मध्यम वर्ग से ताल्लुक रखने वाली दुरपति साहू ने अपनी बड़ी बहन श्रीमती रेखा साहू को देखकर यह काम सीखा। वह सिलाई-कढ़ाई में निपुण थी। उसके पिता पूरन लाल साहू ने हमेशा उसका हौसला बढ़ाया। साथ ही पति कृष्ण कुमार साहू हर परिस्थिति में प्रेरणा बनकर उसके साथ खड़े रहे। वह कहती है कि उसका परिवार ही उसकी ताकत है।

सिमरन लेडीज़ टेलर्स सेंटर ने श्रीमती दुरपति साहू को एक नई पहचान दी और उन्हें एक सफल उद्यमी बनाया। उनके प्रयास ने साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कोई भी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। वह कहती है कि अगर महिलाओं को सही मार्गदर्शन और सहयोग मिले तो वे भी समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। श्रीमती दुरपति साहू की जीवन संघर्ष हर उस महिला के लिए प्रेरणा है जो आत्मनिर्भर बनने का सपना देखती है। उनकी यात्रा यह सिखाती है कि संकल्प और परिश्रम से किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है और सफलता हासिल की जा सकती है। स्वावलंबी दुरपति साहू जैसी महिलाओं का जीवन इस बात का प्रमाण है कि आत्मविश्वास और मेहनत से किसी भी चुनौती का सामना किया जा सकता है और जीवन में उन्नति की जा सकती है।

पिनकापार के प्रधान पाठक द्वारा अपने जन्मदिन पर कराया न्योता भोज

हरदी (दावा)। शासकीय बालक प्राथमिक शाला पिनकापार के प्रधान पाठक शत्रुहन लाल सोनकर द्वारा अपने जन्मदिन पर न्योता भोज कराया गया।

इस अवसर पर पिनकापार, बालक प्राथमिक शाला से सहायक शिक्षक दुर्गेश कुमार सोनकर, बालक माध्यमिक शाला से प्रधान पाठक धनसिंह कौमार्य, शिक्षक रूकम सिंह देवांगन, शिक्षिका हेमपुष्पा सुखदेवे, कन्या प्राथमिक शाला से प्रधानपाठिका विमला बोरकर, कन्या माध्यमिक शाला से प्रधान पाठक श्याम किरण लूणहारे, शिक्षक नितेश कुमार लूणहरे, शिक्षिका तोमेश्वरी साहू, शिक्षिका अनिल कुंवर, शेवता मैडम, संकुल समन्वयक रोशन लाल साहू, और समस्त बच्चे एवं हाईस्कूल प्राचार्य केके साहू शामिल हुए।

कनफोड़ू आवाज में बजने वाले डीजे पर पुलिस की धड़ाधड़ कार्रवाई, डीजे संचालकों में दहशत

गत 3 दिनों में 4 डीजे संचालक पुलिस के हत्थे चढ़े, जब्त किए गए साउंड सिस्टम

राजनांदगांव (दावा)। शहर में कनफोड़ू आवाज में बजाए जाने वाले डीजे साउंड सिस्टम पर सिटी कोतवाली व बसंतपुर थाने द्वारा धड़ल्ले से कार्रवाई की जा रही है। इससे डीजे संचालकों में दहशत का वातावरण निर्मित हो गया है। बताया जा रहा है कि डीजे संचालकों द्वारा देर रात्रि अत्यधिक साउण्ड में डीजे बजाया जा रहा था। अतः कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का उल्लघंन करने वाले उन डीजे संचालकों पर कार्रवाई करते हुए उनका डीजे सिस्टम जब्त किया गया है। जब्त सामानों में साउण्ड सिस्टम के एम्प्लीफायर, साउण्ड सिस्टम बॉक्स व डीजे सामान रखें जाने वाले वाहन भी है।

बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी क्षेत्रों में मानक क्षमता से अधिक डेसिबल की ध्वनि के प्रसार करने वाले डी.जे. संचालकों के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय के गाईड लाईन एवं कोलाहल अधिनियम के तहत सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा लखोली में सार्वजनिक स्थान पर अधिक आवाज में साउंड सिस्टम बजाते आरोपी घनश्याम साहू पिता नरेन्द कुमार साहू उम्र 26 वर्ष, निवासी जंगल पुर थाना लालबाग के पास से 02 नग टाप साउंड बाक्स, 01 नग एम्पली फायर, 01 नग बेस साउंड बाक्स, व मुनिसिपल स्कूल मैदान के पास सार्वजनिक स्थान पर अधिक आवाज में साउंड सिस्टम बजाते ओमप्रकाश वर्मा पिता धन्ना लाल वर्मा उम्र 29 वर्ष, निवासी डूमरडीह खुर्द, थाना घुमका, जिला राजनांदगांव के कब्जे से 01 नग बेस, 02 नग टॉप बॉक्स, 01 नग एम्पलीफायर जप्त किया गया इसी तरह हंसराज मेश्राम पिता प्रेमलाल मेश्राम उम्र 28 वर्ष, निवासी शंकरपुर वार्ड नं0 10 ओपी चिखली, थाना कोतवाली के कब्जे से 01 नग एम्पलीफायर जप्त किया गया वहीं सम्मी कामडे पिता रोशन कामडे उम्र 31 वर्ष, निवासी बजरंगपुर नवागांव के कब्जे से 01 नग एम्पली फायर, 01 नग बेस साउंड बाक्स जप्त कर चारों के विरूद्ध धारा 4, 15 छग कोलाहल अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही की गई। इसी तरह थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा कमला कॉलेज के सामने रोड़ पर से सार्वजनिक स्थान पर अधिक आवाज में साउंड सिस्टम बजाते आरोपी चेतन्या वारके पिता स्व. भगवान दास वारके उम्र 23 वर्ष, निवासी लखोली नाका वार्ड नं 23 के पास से 01 नग एम्पलीफार, 03 नग साउंड बाक्स जप्त कर धारा 16 कोलाहल अधिनियम सन 1985 के तहत कार्यवाही की गई।

डोंगरगढ़ में भी कार्रवाई इधर थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा भी सार्वजनिक स्थान पर अधिक आवाज में साउंड सिस्टम बजाते आरोपी निशांत शर्मा पिता राजेन्द्र शर्मा उम्र 28 वर्ष, निवासी भगत सिंग चौक डोंगरगढ़ के पास से 02 नग साउंड बाक्स, 01 नग एम्पलीफायर जप्त कर धारा 3,4,5/15 (1) कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। पुलिस का कहना है कि कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का उल्लघंन करने वाले डीजे संचालकों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

महापौर ने किया मेयर इन कांऊसिल का पुर्नगठन

अब अमीन हुद्दा विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी सदस्य

राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 37 के प्रावधानों के तहत मेयर इन कांऊसिंल का पुर्नगठन कर विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी सदस्य के रूप में वार्ड नं. 30 के पार्षद अमीन हुद्दा को मनोनित किया है।

उल्लेखनीय है कि महापौर मनोनित होने के उपरांत महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 37 के प्रावधानों के अनुरूप विधिवत मेयर इन कांऊसिल का गठन किया था। निगम अधिनियम अनुसार धारा 37 की उप धारा (3) में स्पष्ट रूप से प्रावधानित है कि मेयर इन कांऊसिल के सदस्य महापौर के प्रसाद पर्यन्त पद धारण करेंगे। उक्त नियम के तहत महापौर श्रीमती देशमुख ने मेयर इन काऊसिल का पुर्नगठन करते हुये राजेश गुप्ता चम्पू प्रभारी सदस्य विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग को मेयर इन काऊसिल से पृथक कर उनके स्थान पर वार्ड नं. 30 के पार्षद अमीन हुद्दा को विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी सदस्य के रूप में मनोनित किया है। शेष मेयर इन कांऊसिल के प्रभारी सदस्य पूर्व की भाति यथावत रहेगे।

महापौर की अनुशंसा पर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने इस आशय का पत्र जारी किया है।

आज व कल डॉ. रमन सिंह शहर में

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुखिया डॉ. रमन सिंह आज 31 अगस्त को अंचल के दौरे पर आ रहे है, वे बालोद जिले में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात् राजनांदगांव पहुंचेगे फिर वे लगातार दो दिनों तक शहर के ही विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. सिंह आज रायपुर से दोपहर 2.00 बजे बालोद जिले के लिए प्रस्थान कर ग्राम कुरदी पहुंचेगे, जहां वे 111 फीट के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा एवं वीर सपूत उद्यान का लोकार्पण कर राजनांदगांव के लिये प्रस्थान करेंगे। वे शाम 5.30 बजे शहर स्थित विधानसभा अध्यक्ष निवास में पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। फिर वे दूसरे दिन 1 सितंबर को दोपहर 1 बजे ग्राम भरेंगांव में आयोजित कुर्मी समाज के सम्मेलन में भाग लेंगे। फिर वे दोपहर 2.30 बजे गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में यादव समाज के सम्मेलन में भाग लेकर विधानसभा अध्यक्ष निवास आयेंगे फिर वहाँ से शाम 4 बजे महाराणा प्रताप मंगल भवन चिखली का लोकार्पण कर रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

खैरागढ़ के स्टेट बैंक में बीती रात अज्ञात चोरों ने की सेंधमारी : कम्प्यूटर-मॉनिटर, सीपीयू सहित सीसीटीवी का डीवीआर उड़ा ले गए चोर

गुरूवार की दरमियानी रात बैंक परिसर के तीन ताले तोड़कर चोरों ने

शुक्रवार को पूरे दिन बंद रहा खैरागढ़ स्टेट बैंक का काम

खैरागढ़ (दावा)। जिला मुख्यालय के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक खैरागढ़ में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी करने का प्रयास किया है। जानकारी अनुसार गुरूवार की दरमियानी रात तकरीबन 2 बजे दो अज्ञात चोर स्टेट बैंक का ताला तोड़कर अंदर घूसे। चोरी की नियत से अज्ञात चोरों ने एक-एक कर कुल 3 तालों को तोड़कर बैंक में चोरी कर प्रयास किया लेकिन रकम अथवा अन्य कीमती सामग्री चोरी करने अज्ञात चोरों को सफलता नहीं मिल पायी। पकड़े जाने के डर से और पहचान छुपाने अज्ञात चोरों ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर ही उखाड़कर ले गये। इस बीच चोरों ने बैंक मैनेजर के कक्ष में लगे दो मॉनिटर सहित एक सीपीयू को भी चोरी कर लिया।

पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी का सायरन सुन भागे चोर

स्टेट बैंक में बड़ी वारदात को अंजाम देकर चोरी की नियत से घुसे अज्ञात चोर तकरीबन आधे घंटे की मशक्कत के बाद बैंक से भाग निकले। रात्रि तकरीबन 2:30 बजे पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी स्टेट बैंक के पास से सायरन बजाते गुजरी जिसके बाद पकड़े जाने के डर से चोर वहां से भाग खड़े हुये और कोई बड़ी वारदात को अंजाम नहीं दे पाये। यह सारी घटना बैंक में लगे अन्य सीसीटीवी फूटेज में दर्ज हुई है।

चेहरा छुपाने हेलमेट पहनकर बैंक में घुसे थे चोर

खबर है कि बैंक में बड़ी चोरी की वार दात को अंजाम देने की नियत से घुसे अज्ञात चोरों ने अपना चेहरा छुपाने फिल्मी अंदाज में हेलमेट पहन रखा था। बताया जा रहा है कि बैंक परिसर में चोरी करने घुसे अज्ञात चोरों में से दो चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुये हैं। पूरी घटना के दौरान गनिमत यह रही कि चोर बैंक का लॉकर जिसमें नगदी रकम और कीमती जेवरात आदि होते हैं उसे हासिल नहीं कर पाये और आधे-अधूरे मंसूबों के साथ ही चोरों को बैंक से वापस लौटना पड़ा। पाठकों को बता दे कि स्टेट बैंक की खैरागढ़ शाखा में घटना दिनांक को एक भी सुरक्षाकर्मी वहां तैनात नहीं था। इसी सुनेपन का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने बैंक में सेंधमारी की।

स्टेट बैंक में दिनभर बंद रहा कामकाज

गुरूवार की रात चोरी की वारदात के कारण शुक्रवार की सुबह से देर शाम तक स्टेट बैंक में पूरे दिन कामकाज बंद रहा। ज्ञात हो कि सुबह तकरीबन 9:30 बजे बैंक के कर्मचारी जब स्टेट बैंक पहुंचे तब बैंक में टूटे ताले और अस्त-व्यस्त सामान को देखकर सबके होश उड़ गये।

मामले की जानकारी फौरन बैंक मैनेजर बिरेन्द्र कुमार को दी गई जिसके बाद बैंक मैनेजर ने घटना की सूचना खैरागढ़ पुलिस थाने में दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद खैरागढ़ पुलिस बैंक पहुंची और तफ्तीश शुरू की गई। इस दौरान एसपी सहित वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सायबर सेल की टीम सहित डॉग स्क्वॉड की टीम स्टेट बैंक पहुंची थी और दिनभर जांच पड़ताल के साथ बैंक परिसर में क्षतिग्रस्त सीसीटीवी की वायरिंग सहित अन्य स्थितियों को सामान्य किया गया, गया लेकिन शुक्रवार को पूरे दिन बैंक में कामकाज सुरक्षा कारणों से स्थगित रखा गया। इस दौरान बैंक में लेनदेन के लिये पहुंचे उपभोक्ताओं को लिंक फेल होने का हवाला देकर बैंक परिसर के बाहर से ही लौटाया गया जिससे शुक्रवार को दिनभर स्टेट बैंक के उपभोक्ता परेशान व नाराज नजर आये। बैंक में अज्ञात चोरों के घुसने की खबर को बैंक प्रबंधन सहित पुलिस दल ने भरसक छुपाने का प्रयास किया। बहरहाल चोरी की वारदात के बाद जिला पुलिस जांच में जुट गई है और सीसीटीवी फूटेज सहित अन्य साधन माध्यमों से अज्ञात चोरों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है वहीं अज्ञात चोरों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है।

> सुबह चोरी की घटना के बाद पुलिस थाने में सूचना देकर एफआईआर दर्ज कराई गई है। आरबीआई के कुछ नियमों के तहत बैंक में सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं थे।
>
> **- बिरेन्द्र कुमार, शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक खैरागढ़**
>
> बैंक में चोरी की वारदात की सूचना मिलने के तुरंत बाद वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस ने अपनी त्वरित जांच कार्यवाही व तफ्तीश शुरू कर दी है, जांच के दौरान कुछ अहम जानकारियां मिली है। पुलिस शीघ्र ही चोरों तक पहुंच जायेगी।
>
> **- जितेन्द्र बंजारे, टीआई खैरागढ़**

महापौर ने कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान के लिये नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव को 7 करोड़ रूपये की राशि आबंटित करने लिखा पत्र

राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने नगर निगम की वर्तमान आर्थिक स्थिति के आधार पर कर्मचारियों के वेतन भुगतान एवं लंबित देयक के भुगतान हेतु 7 करोड 10 लाख 45 हजार रूपये आबंटित करने नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव को पत्र प्रेषित किया है। महापौर श्रीमती देशमुख ने पत्र में लिखा है कि वर्तमान में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली नही हो पा रही है, जिसके कारण निगम की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नहीं है।

राशि के अभाव में निकाय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों का 3 माह का वेतन भुगतान लंबित है, जिस कारण से कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। इसके अलावा अगामी माह से लगातार बड़े छोटे त्यौहार भी है, जिससे खर्चों में वृद्धि होती है, उक्त बातो को ध्यान में रखकर महापौर ने माह मई से जुलाई 2024 तक नियमित अधिकारी कर्मचारी के लिये 4 करोड 56 लाख 14 हजार रूपये तथा प्लेसमेंट कर्मचारी के लिये 2 करोड 54 लाख 31 हजार रूपये कुल 7 करोड 10 लाख 45 हजार रूपये अंतर की राशि अनटाईटड फेड से आबंटित करने अनुरोध पत्र प्रेषित किया है।

राजनांदगांव अडिटोरियम में भव्य यादव मेला का आयोजन

कल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आयेंगे

राजनांदगांव (दावा)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर जिला सर्व यादव समाज राजनांदगांव के तत्वाधान में 3 दिवसीय ऐतिहासिक आयोजन के पहले दिन बाईक रैली, दूसरे दिन उज्जैन महाकाल यात्रा के तर्ज पर श्री कृष्ण पालकी यात्रा 21 झाँकियों के साथ विशाल शोभायात्रा के बाद अब 01 सितम्बर दिन रविवार को विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम व यादव गौरव सम्मान के साथ विशाल यादव मेला का आयोजन पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर अडिटोरियम राजनांदगांव में रखा गया है जिसमें जिला के साथ-साथ पड़ोसी जिला के भी स्वजातीय यादव बंधुगण अपनी उपस्थिति देकर यादवी एकता का

परिचय देंगे। इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह करेंगे। विशेष अतिथियों में संतोष पांडे सांसद, मधुसूदन यादव पूर्व सांसद, पद्मश्री फुलबाशन यादव, पवन डागा समाज सेवी आदि भी उपस्थिति देंगे।

विशाल यादव मेला के आयोजन में बच्चों के लिए 5 प्रकार के झूलों का लगना चालू हो गया है जिसमें मिंकी माउस, जंपिंग, ढेलवा गोल झूला, राइचुली झूला आदि होंगे। यह अपने आप में एक अलग आयोजन होगा। बच्चों के खिलौने, बेलून, मिठाई आदि भी मिलेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे भगवान श्री राधाकृष्ण की विधिवत पूजा अर्चना के साथ होगा। इसी के साथ मुंदरी सांस्कृतिक संस्था व स्वजातीय बच्चों के विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे व इसी मंच से कलाकार यादव गौरव से सम्मानित भी होंगे।

भाजपा कार्यालय में चुनाव व संगठनात्मक विषयों को लेकर चर्चा

राजनांदगांव (दावा)। आज झारखण्ड प्रदेश भाजपा कार्यालय में झारखण्ड विधानसभा चुनाव 2024 के प्रवासी कार्यकर्ता बैठक में सम्मिलित हुआ।

बैठक में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों, कार्यक्रमों और विभिन्न स्थानीय मुद्दों पर चर्चा कर कार्ययोजना बनाई गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ के सभी प्रवासी प्रभारी सहित अन्य प्रदेश से आए प्रवासी प्रभारियों एवं झारखण्ड प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ चुनाव व संगठनात्मक विषयों को लेकर चर्चा कर रुपरेखा तय की गई। सांसद संतोष पांडेय ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर सब कार्यकर्ता मिलकर झारखंड चुनाव भाजपा जीतेगी

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होगे भूपेश बघेल

राजनांदगांव (दावा)। कोसरिया यादव समाज के तत्वाधान मे दो दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के समापन समारोह कल 1 सितंबर दिन रविवार को गांधी सभागृह मुनिस्पिल स्कूल में रखा गया है। इस आयोजन में शिक्षा, कला, खेल, समाजसेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान कार्यक्रम, समाज वरिष्ठों का सम्मान, शोभायात्रा के प्रतिभागी झांकी का सम्मान, समाज के 35 समूह नृत्य व 5 एकल नृत्य बच्चों की प्रस्तुति, सुरगी के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति अतिथियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित है। कोसरिया यादव समाज के इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भूपेश बघेल होंगे एवं विशिष्ट अतिथि महापौर श्रीमति हेमा देशमुख, कुलबीर छाबड़ा, भोलाराम साहू, नवाज खान, भागवत साहू, धनेश पाटिला, जितेन्द्र मुदलियार, हफीज खान, विवेक वासनिक, हरिनारायण धकेता, अशोक फड़नवीश, रमेश राठौरी, श्रीमति प्रज्ञा गुप्ता होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता. डॉ.अजय यादव करेगे। सामाजिक विशिष्ट अतिथि सुश्री कोनिका यादव, मेघनाथ यादव, रविन्द्र यादव, चन्द्रहास यादव, चन्द्रप्रकाश, ईश्वर यादव डोम यादव, देवप्रसाद यादव, राजेश यादव, अनिल यादव, अमर यादव आदि होंगे।

एनबीआईएस, बोरी स्कूल में वृहद वृक्षारोपण समारोह

'एक पेड़, माँ के नाम' का सफल आयोजन

राजनांदगाँव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत 'एक पेड़, माँ के नाम' का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में राजनांदगांव जिला के जिलाधिकारी संजय अग्रवाल, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल, कान्य कुंज सभा के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, प्रेस क्लब राजनाँदगाँव से लक्ष्मण लोहिया, जितेन्द्र सिंह, प्रेमप्रकाश साहू, परमेश्वर ठाकरे, सौरभ अग्रहरी, सुनील श्रीवास्तव, कुबेर साहू, सी.पी. शर्मा, अजीत नायडू, संतोष शर्मा, अजय पारिख, केंद्रीय मंत्री विहिप नंदूराम साहू, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, प्रीतक बाजपेयी, प्रशांत सोनी, विभूति पाण्डेय इत्यादि एवं स्कूल के छात्रों के साथ एनबी ग्रुप आफ स्कूल के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

इस वृहद वृक्षारोपण आयोजन में शाला परिसर में औषधियों से युक्त तथा पर्यावरण अनुरुप उचित फलदार, दो सौ से अधिक पौधों का रोपण किया गया। जिनको विशेष रूप से रायपुर से लाया गया था और इन्हें सुरक्षागार्ड लगाकर उनको गर्मी के दिनों में ड्रीप एरिगेसन से पानी देने की व्यवस्था की जा रही है। वृक्ष एक जीवन दायिनी संपत्ति है जो पूर्ण जीवन हमें स्वस्थ रखने में सहायता प्रदान करती है। एक पौधा दस साल बाद एक पूर्ण पेड़ बनता है और हमारी सहायता करता है। पौधों को पेड़ बनाना ही हमारा ध्येय होना चाहिए और इसी बात के लिए संकल्पित नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

कलेक्टर महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा की यदि गर्मी से राहत पाना है तो अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित करें, जिससे हमे अत्यधिक गर्मी से होने वाली तकलीफ से छुटकारा मिलेगा एवं भविष्य में जल हम लोगों को उपलब्ध होगा। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में शाला की प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी द्वारा सभी सम्माननीय अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। एनबीआईएस शाला प्रांगण के इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के आयोजन में शाला परिवार तथा बच्चे उपस्थित रहें।

आज भक्ति मंडल का छठ उत्सव, गौरव पारिक की भजन संध्या

राजनांदगांव (दावा)। शहर जोकि संस्कारधानी के नाम से प्रसिद्ध है, शहर का भक्ति मंडल जिसमें कि लगभग 30 सदस्य है, विगत 5 वर्षों से ये मंडल शहर के विभिन्न मंदिरों में भजन एवं धार्मिक आयोजन करता रहता है। गर्मी के दिनों में आम नागरिकों को नींबू पानी, आम पानी, मठा का वितरण करते है। हर एकादशी को सदस्यों के यहां भजन के कार्यक्रम रखा जाता है, इसी कड़ी में 31 अगस्त दिन शनिवार समय दोपहर 03 बजे, भक्ति धाम, अग्रसेन भवन में कलकत्ता के प्रसिद्ध भजन गायक गौरव पारिक अपनी मधुर वाणी से भजनों की अमृत गंगा प्रवाह करेंगें।

किराये से देना है

कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।

-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

आवश्यकता है

रात्रिकालिन चौकीदार एवं हेल्पर की आवश्यकता है।

-: संपर्क करें :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9300414726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com